Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25

www.dainikvishwapariwar.com

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 115 ● वर्ष : 14 ● रायपुर, शुक्रवार 06 नवम्बर 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार



परिश्रम के द्वारा मंजिल तब प्राप्त होती है, जब अपना ध्यान मजबूत होता है।

Hand work begets us the destination only when we have determined meditation.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

एशियन पैरा गेम्स के विजेता खिलाडियों से मिले पीएम मोदी

■ 14 से 114 मेडल तक पहुंचने का सफर बताया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के एशियन पैरा गेम्स 2026 के पदक विजेता खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रदर्शन ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। पीएम मोदी ने खिलाड़ियों के परिवारों, कोच और ट्रेनर्स के योगदान की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत और देश में तैयार हो रहे खेल इकोसिस्टम का नतीजा है कि भारत का पदक आंकड़ा 14 से बढ़कर 114 तक पहुंच गया है। पीएम मोदी ने कहा कि 2010 के पैरा एशियन गेम्स में भारत ने केवल एक गोल्ड मेडल जीता था और कुल 14 पदक हासिल किए थे। इसके मुकाबले इस बार भारतीय खिलाड़ियों ने 114 पदक जीतकर नया मुकाम



हासिल किया है। उन्होंने बताया कि भारत ने इस बार 30 गोल्ड, 35 सिल्वर और 49 ब्रॉन्ज मेडल जीते। खिलाड़ियों ने पांच नए वर्ल्ड रिकॉर्ड और नौ एशियन रिकॉर्ड भी बनाए। पीएम ने कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों की मेहनत, खेल के प्रति समर्पण और देश में विकसित हो रहे खेल इकोसिस्टम का परिणाम है। उन्होंने महिला खिलाड़ियों के प्रदर्शन का भी जिक्र किया। पीएम के मुताबिक, प्रतियोगिता में शामिल 56 महिला खिलाड़ियों में से 34 ने पदक जीते। वहीं, चार स्पर्धाओं में पोडियम की तीनों जगहों पर भारतीय खिलाड़ियों का कब्जा रहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रतियोगिता के आखिरी दिन भारतीय खिलाड़ियों ने नौ गोल्ड मेडल जीते। ऐसा लगा कि खिलाड़ियों ने तय कर लिया था कि खेल खत्म होने तक गोल्ड जीतने का सिलसिला जारी रखना है। उन्होंने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों ने इस बार उन खेलों में भी गोल्ड मेडल जीते, जिनमें देश को पहले कभी सफलता नहीं मिली थी। पीएम मोदी ने पैरा शूटिंग में मोना अग्रवाल के वर्ल्ड रिकॉर्ड और हनी के अपने पुराने वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ने का जिक्र किया। उन्होंने हिमांशु, रवि और जहान के प्रदर्शन की भी सराहना की। पीएम मोदी ने गोल्ड मेडल जीतने वाले भाला फेंक पैरा एथलीट रिंकू हुड्डा के संघर्ष का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि एशियन पैरा गेम्स से दो महीने पहले रिंकू ने अपनी मां को खो दिया था। इस गहरे दुख के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता। पीएम मोदी ने कहा कि पदक जीतने के बाद रिंकू ने अपनी मां की तस्वीर हाथ में उठाकर यह मेडल उन्हें समर्पित किया। इस पल ने देशवासियों को भावुक कर दिया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के संघर्ष और उनकी उपलब्धियां हर भारतीय के लिए प्रेरणा हैं।

एमपी से हरदीप पुरी निर्विरोध राज्यसभा सांसद चुने गए



भोपाल। मध्यप्रदेश से केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी निर्विरोध राज्यसभा सांसद चुन लिए गए हैं। उनके निर्वाचन के साथ प्रदेश में राज्यसभा का संख्या समीकरण बदल गया है। अब 11 सीटों में भाजपा के 9 और कांग्रेस के 2 सांसद हैं। पुरी के नामांकन में 100 से ज्यादा कमियां होने का दावा करते हुए कांग्रेस ने आपत्तियां दर्ज कराई थीं। पत्नी के नाम, विदेशी संपत्तियों और बैंक खातों की जानकारी पर सवाल उठाए गए, लेकिन रिटर्निंग ऑफिसर ने सभी आपत्तियां खारिज कर दीं। उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही इलेक्शन पिटीशन दायर की जा सकती है। उन्होंने कहा- आज शायद पुरी जी को निर्वाचित घोषित किया गया है।

27 हजार बूथों पर 2.70 लाख 'किसान मितान' बनाएगी भाजपा, 'किसान मितान ऐप' हुआ लॉन्च



■ किसान मोर्चा के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में सांगठनिक लक्ष्यों और किसान कल्याण की रूपरेखा तय, किसान हित में भाजपा का ऐतिहासिक संकल्प

रायपुर (विश्व परिवार)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में आगामी सांगठनिक लक्ष्यों और किसान कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत रूपरेखा तय की गई। सम्मेलन में प्रदेश भर से आए किसान मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार देश में सर्वाधिक 3,100 रुपए प्रति क्विंटल धान का समर्थन मूल्य दे रही है। यह भाजपा के किसान हितैषी संकल्प का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने किसानों से किया गया हर वादा पूरा किया है और आगे भी किसानों के हित में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने हाल ही में आए चक्रवात से फसलों को हुए नुकसान पर चिंता व्यक्त करते हुए मोर्चा कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि वे प्रभावित किसानों के पास जाकर फसल बीमा और राहत संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण कराएं। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में सरकार हर किसान के साथ खड़ी है और कोई भी पात्र किसान सहायता से वंचित नहीं रहेगा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने महत्वपूर्ण घोषणा की कि आगामी 4 महीनों में प्रदेश के 27,000 बूथों पर कुल 2 लाख 70 हजार 'किसान मितान' तैयार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर 10 किसान मितान नियुक्त किए जाएंगे, जो गांव-गांव में किसानों के सच्चे साथी और भाजपा सरकार की योजनाओं के सेतु के रूप में कार्य करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने किसानों से सीधे संपर्क, संवाद और त्वरित सहायता के लिए 'किसान मितान ऐप' का विधिवत उद्घाटन भी किया।

उमर खालिद और शरजील इमाम ने सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

■ हाईकोर्ट से तीसरी बार जमानत खारिज

नई दिल्ली। उमर खालिद और शरजील इमाम ने दिल्ली दंगों की बड़ी साजिश के मामले में अपनी जमानत के लिए अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इससे पहले जमानत याचिकाओं को दिल्ली हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इन दोनों ने सुप्रीम कोर्ट में अलग-अलग याचिका दायर कर दिल्ली हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है। जिसमें 30 सितंबर को तीसरी बार उनकी जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था। उमर खालिद और शरजील इमाम ने दिल्ली हाई कोर्ट में कड़कड़डूमा कोर्ट



के 4 जुलाई 2026 के आदेश को चुनौती दी थी। इससे पहले निचली अदालत ने दोनों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी थी। इसके बाद मामला हाई कोर्ट पहुंचा। जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह और जस्टिस दिनेश भट्ट की बेंच ने याचिकाओं पर सुनवाई की थी। हालांकि, हाई कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के पहले वाले आदेश का हवाला देते हुए जमानत देने से इनकार कर दिया था।

400 से ज्यादा डीएड-कैंडिडेट्स ने गजेंद्र यादव का बंगला घेरा

रायपुर। गुरुवार सुबह डीएड अभ्यर्थियों ने सहायक शिक्षक के 2,300 पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के बंगले का घेराव किया। 400 से ज्यादा अभ्यर्थी परिवार के सदस्यों के साथ बंगले के बाहर धरने पर बैठ गए। वे नियुक्ति की तारीख घोषित करने की मांग कर रहे थे। अभ्यर्थियों का कहना था कि जब तक तारीख घोषित नहीं होगी, धरना जारी रहेगा।



सौरभ चंद्राकर से मिले पूर्व कांग्रेस विधायक और सट्टा प्रमोटर

रायपुर (विश्व परिवार)। महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप का मुख्य संचालक सौरभ चंद्राकर 12 नवंबर तक सीबीआई की कस्टोडियल रिमांड पर रहेगा। अगले 8 दिनों तक एजेंसी के अधिकारी उससे पूछताछ करेंगे। बुधवार को सौरभ को रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया था। इस दौरान उससे मुलाकात करने महासमुंद के पूर्व कांग्रेस विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर और महादेव सट्टा ऐप का पैनल ऑपरेटर विशाल रमानी भी पहुंचा था। उधर, सीबीआई ने रिमांड आवेदन में बताया कि महादेव ऐप का कारोबार चलाने के लिए पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों और प्रभावशाली लोगों को प्रोटेक्शन मनी



दी जाती थी। एजेंसी इस पूरे नेटवर्क की जांच के लिए सौरभ से पूछताछ करना चाहती है। सुरक्षा का हवाला देकर उसे दिल्ली ले जाया गया है। वहीं, ईडी ने अपने गैर-जमानती वारंट को लागू कराने के लिए कोर्ट में आवेदन दिया था। हालांकि, कोर्ट ने इस आवेदन को प्री-मैच्योर बताया। ईडी के दस्तावेजों के मुताबिक, विशाल रमानी भिलाई के सुपेला का रहने वाला है।





NAVKAR
JEWELLERS

शुभ 卐 लाभ
धनतेरस का शगुन
समृद्धि का त्यौहार



शानदार
GOLDEN TREE
Lucky draw Scheme
जहाँ हर छोटी बचत लाये
सोने जैसी खुशहाली

कीजिये
Golden
CELEBRATION
NAVKAR KE SANG

OLD GOLD
EXCHANGE
GET 100%
Value for your
OLD GOLD.

100% GIA & IGI Certified Diamonds.
Guaranteed Buyback
Wide Range Under One Roof
100% BIS Hallmarked & HUID jewels you can trust.
Customised Jewellery Crafting Services
Transparent Factory Rate Pricing.
Jewellery Direct From Manufacturer
Personalised service for your unique story.

Gold | Diamond | Polki | Antique | Bangles | 18kt Italian | Silver | Gemstones

Malviya Road, RAIPUR | +91 62625 55200

SAMVAD- 45621/ 104
ATUL PUBLICITY

दैनिक
विश्व परिवार
छत्तीसगढ़
रायपुर, शुक्रवार 06 नवम्बर 2026
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

जनगणना के दूसरे चरण की तैयारी तेज, 60 मास्टर ट्रेनर्स को दिया जा रहा प्रशिक्षण

रायपुर। छत्तीसगढ़ में जनगणना-2027 के दूसरे चरण की तैयारियों ने गति पकड़ ली है। राज्य में 25 जनवरी से 28 फरवरी 2027 तक होने वाली जनगणना के लिए प्रशिक्षण की बहुस्तरीय व्यवस्था शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में नवा रायपुर अटल नगर स्थित प्रशासन अकादमी में आयोजित मास्टर ट्रेनर्स के प्रथम बैच का चार दिवसीय प्रशिक्षण 5 नवंबर को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का दूसरा बैच 16 से 19 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा।

राज्य में जनगणना के दूसरे चरण के दौरान प्रगणक घर-घर जाकर प्रत्येक परिवार के सदस्यों की गणना करेंगे। इस व्यापक कार्य के लिए लगभग 66 हजार प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की तैनाती की जाएगी। इन्हें प्रशिक्षित करने के लिए जिलों द्वारा 1,120 फील्ड ट्रेनर्स नामित किए गए हैं। वहीं, फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षित करने के लिए जिलों से 47 और जनगणना कार्य निदेशालय से 13 सहित कुल 60 मास्टर ट्रेनर्स नामित किए गए हैं।

भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय, नई दिल्ली के निर्देशानुसार, राज्य के मुख्य सचिव के मार्गदर्शन तथा गृह विभाग की राज्य नोडल अधिकारी एवं प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारीक और जनगणना कार्य निदेशालय, छत्तीसगढ़ के निदेशक श्री कार्तिकेया गोयल के दिशा-निर्देशों में यह प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रथम बैच में राज्य के 16 जिलों के मास्टर ट्रेनर्स ने हिस्सा लिया। इनमें मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर-रामानुजगंज, सरगुजा, जशपुर, रायगढ़, कोरबा, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मुंगेली, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़, बलौदाबाजार-भाटापारा तथा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई शामिल हैं।



छत्तीसगढ़ के लिए नामित राष्ट्रीय प्रशिक्षक श्री अशोक मिश्र और श्री प्रदीप कुमार साव, दोनों संयुक्त निदेशक, ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया। इसमें जनगणना के दूसरे चरण की प्रक्रिया, प्रश्नावली, गणना की तकनीकी बारीकियों, मोबाइल एप्लीकेशन के उपयोग, आंकड़ों के संकलन और उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने संबंधी पहलुओं पर सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य मास्टर ट्रेनर्स को इस स्तर पर दक्ष बनाना है कि वे जिला स्तर पर फील्ड ट्रेनर्स को प्रभावी ढंग से प्रशिक्षित कर सकें।

प्रशिक्षण के दूसरे बैच का आयोजन भी प्रशासन अकादमी, नवा रायपुर अटल नगर में 16 से 19 नवंबर तक किया जाएगा। इसमें भी दोनों राष्ट्रीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इसके बाद मास्टर ट्रेनर्स जिला स्तर पर फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षित करेंगे और फील्ड ट्रेनर्स के माध्यम से प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण यानी मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य छत्तीसगढ़ में 1 से 30 मई 2026 तक सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है। दूसरे चरण में राज्य के प्रत्येक व्यक्ति की गणना सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए प्रशिक्षण के सभी स्तरों पर तकनीकी दक्षता, आंकड़ों की शुद्धता, कार्य की समयबद्धता और जवाबदेही पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि जनगणना का कार्य व्यवस्थित, सटीक और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न हो सके।

एक बार फिर राज्य का जल, जंगल, जमीन अडानी को सौंपा जा रहा : बैज



रायपुर (विश्व परिवार)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सूरजपुर जिले में अडानी के द्वारा सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर लगाया जा रहा है। यह पावर प्लांट 4800 मेगावाट का है तथा कोयला आधारित पावर प्लांट है। इसमें बड़ी संख्या में वन भूमि भी प्रभावित हो रही है। इसके भूमि के पूरी जानकारी के बिना डबल इंजन की सरकार ने पर्यावरण स्वीकृति देने की तैयारी की जा रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कंपनी के पास अभी केवल 465.92 हेक्टेयर भूमि है जबकि प्रोजेक्ट में इन्होंने 673.5 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता बताई है। इतनी भूमि वहां है ही नहीं शेष 207.58 हेक्टेयर भूमि वन भूमि है, जिसके लिए कंपनी वनभूमि को डायवर्सन के लिए आवेदन तक नहीं किया है लेकिन इस वन भूमि के पर्यावरण स्वीकृति का आवेदन ले लिया गया है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यह प्रोजेक्ट गुम्गा, चिरवान और मुड़गांव जैसे संरक्षित वनों तथा सलका, नारायणपुर जैसे गांवों व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के ठीक बगल में (150 मीटर से 250 मीटर की दूरी पर) स्थित है। वन भूमि पर ही पावर प्लांट क्यों लगाया जा रहा है?प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के लिए लगभग 84 मिलियन घन मीटर पानी प्रतिवर्ष लगेगा, यह पानी कहां से आयेगा? ।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल की समीक्षा बैठक

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मुख्यालय, नवा रायपुर अटल नगर में आज मंडल की योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्री अनुराग सिंह देव ने की। इस अवसर पर मंडल आयुक्त श्री अवनीश कुमार शरण सहित मुख्यालय एवं विभिन्न प्रक्षेत्रों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में मंडल द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं, जिनमें अटल विहार योजना, सामान्य आवास योजना, प्रधानमंत्री सह मुख्यमंत्री आवास योजना, निक्षेप कार्य, रिडेवलपमेंट योजना तथा वन टाइम सेटलमेंट योजना-2 शामिल हैं, की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान मंडल अध्यक्ष श्री अनुराग सिंह देव ने प्रत्येक परियोजना की पृथक-पृथक एवं विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने योजनावार प्रगति, निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति, पूर्ण एवं निर्माणाधीन इकाइयों, वित्तीय प्रगति, संपत्तियों के विक्रय तथा परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही व्यावहारिक समस्याओं की जानकारी लेते हुए अधिकारियों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने प्रत्येक परियोजना की निर्धारित समय-सीमा में पूर्णता सुनिश्चित करने, लंबित कार्यों में तेजी लाने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



बैठक में जानकारी दी गई कि मंडल की कुल संपत्तियों में से अब तक लगभग 77 प्रतिशत संपत्तियों का विक्रय किया जा चुका है। वहीं वर्तमान में मंडल की 888 करोड़ रुपये की बुकिंग लाइव है।

मंडल द्वारा शहरी क्षेत्रों में आवासीय परिसंपत्तियों के बेहतर उपयोग एवं पुनर्विकास के उद्देश्य से 10 रिडेवलपमेंट योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इनमें से 5 योजनाओं के टेंडर जारी किए जा चुके हैं, जबकि शेष 5 योजनाओं को मंत्रिपरिषद से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।बैठक में वन टाइम सेटलमेंट योजना-2 की प्रगति की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत अब तक लगभग 65 प्रतिशत बुकिंग हो चुकी है। वहीं दुर्ग एवं बिलासपुर प्रक्षेत्रों द्वारा लगभग 80 प्रतिशत से अधिक बुकिंग का लक्ष्य हासिल किया जा चुका है। मंडल अध्यक्ष ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रक्षेत्रों की सराहना करते हुए अन्य प्रक्षेत्रों को भी बुकिंग में तेजी लाने के निर्देश दिए।मंडल अध्यक्ष श्री अनुराग सिंह देव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में तैयार की जाने वाली सभी नई आवासीय योजनाओं में डिपार्टमेंटल स्टोर के लिए अनिवार्य रूप से स्थान का प्रावधान किया जाए। इससे आवासीय कॉलोनियों में रहने वाले नागरिकों को दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं एवं सुविधाएं कॉलोनी परिसर में ही उपलब्ध हो सकेंगी।

जब-जब लोकतंत्र पर संकट आएगा, भाजपा का कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर लड़ेगाः अग्रवाल

रायपुर (विश्व परिवार)। रायपुर लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को राजधानी में आयोजित विशाल पदयात्रा के दौरान कांग्रेस और विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जब-जब देश के लोकतंत्र और संविधान पर संकट आया है, भारतीय जनता पार्टी और जनसंघ ने सड़क पर उतरकर मुकाबला किया है। उन्होंने कहा कि आज जब जनता ने विपक्ष को चुनाव-दर-चुनाव पूरी तरह नकार दिया है, तब वे हताशा में देश में अशांति फैलाकर 'भीड़तंत्र' के जरिए लोकतंत्र का अपहरण करने की साजिश रच रहे हैं।भाजपा रायपुर जिला द्वारा सुभाष स्टेडियम से घड़ी चौक तक आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सहित मंत्रिमंडल के सदस्यों, विधायकों और हजारों कार्यकर्ताओं के साथ



सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल सम्मिलित हुए।सभा को संबोधित करते हुए सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि देश के इतिहास में जब भी तानाशाही थोपी गई या आपातकाल लगाकर जनता के अधिकार छीने गए, तब जनसंघ और भाजपा ने खुलकर उसका विरोध किया। आज देश की जनता ने तीसरी बार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व पर अटूट विश्वास जताया है और देश के 22 राज्यों में भाजपा

मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने अहिवारा विधायक स्व. डोमन लाल कोर्सेवाडा जी को पुष्पांजलि अर्पित की

रायपुर (विश्व परिवार)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने अहिवारा के विधायक स्व. डोमन लाल कोर्सेवाडा जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए आज उनके गृह ग्राम भेंडरा जाकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी।
मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्व. कोर्सेवाडा जी एक सरल, सौम्य और जनसेवा के लिए समर्पित जनप्रतिनिधि थे, जिन्होंने अहिवारा क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका निधन भाजपा परिवार और छत्तीसगढ़ के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य और शक्ति प्रदान करें।
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण सिंह देव ने कहा कि स्व. कोर्सेवाडा जी एक निष्ठावान कार्यकर्ता, कर्मठ जनप्रतिनिधि और संगठन के प्रति पूर्णतः समर्पित नेता थे, जिन्होंने हमेशा जनता के हित और क्षेत्र के विकास को सर्वोपरि रखा। उनका जाना भाजपा संगठन के लिए बड़ी क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवारजनों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति दें।



CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
Office of the CHIEF ENGINEER (RCR) CSPDCL,
CIN: U40108CT2003SGC0122 Email ID: - ed.rr@cspc.co.in

NO.10-01/Pur/SG/07/2476 RAIPUR, DT. 26.10.2026

NIT Through E-Bidding

E-Tenders are invited against following NIT from experienced & eligible security agenesis who **are registered** with Chhattisgarh Government having valid license U/s 9 of Chhattisgarh Rajya Niji Suraksha Abhikaran (Viniyaman) Niyam 2008 for providing security services through out-sourcing.

Tender No/ Rfx no.	Name of work	Cost of Tender Form	Earnest Money (Rs.)	Due Date & Time of Submission / Opening
Tr. No.07/2476 RFX No. 8100055016	Providing 15 Nos.Security Guards through Out-sourcing to Area Store CSPDCL,Gudhiyari, Raipur.	(Rs.5000/- Including 18%GST)	65,500/-	23.11.2026 02.30 / 03.00 PM

Details of Tenders, Technical Specification, Terms & Conditions pre-qualification requirement, online tender fee and EMD submission etc. are available on our website www.cspdcl.co.in and ebidding.cspcl.co.in. Tender documents can be downloaded from CSPDCL's official website mentioned above. **The cost of required tender fee and EMD should be submitted online up to the date of submission of bid. The tenderer is requested to pay the tender fee and EMD online well before the due date for avoiding complication in network/system. As the tender will not be opened, if the tender fee and EMD payment reference is not shown in system and CSPDCL will not take any responsibility for delay due to network/system so please ensure early submission.**

The notice for extension of due date of tender submission, opening /corrigendum/amendment, if any to the tender document will not be published in newspapers. It will only be displayed on CSPDCL's official website as mentioned above and office Notice Board.

SAVE ELECTRICITY Samvad- 49709/2 CHIEF ENGINEER (RCR) CSPDCL, RAIPUR

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्रकरण क्र. 528 दिनांक 04.11.2026
वार्ड का नाम- इंदिरा गांधी वार्ड
वार्ड क्र. 36 वर्ष- 2025-26

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 36 मांग **पंजी क्र. 552 युआईडी 37479** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **मो. आसिफ खान / ऐनुल्लाह खान** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **शम्मा प्रवीन / मो. जसीमुद्दीन अंसारी** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **19-11-2026** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्रकरण क्र. 527 दिनांक 04.11.2026
वार्ड का नाम- माधव राव सप्रे वार्ड
वार्ड क्र. 20 वर्ष- 2025-26

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 20 मांग **पंजी क्र. 1216 युआईडी 41321** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **दीपक बाई साहू / बिसाहू राम साहू** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **गायत्री गुप्ता / राजकुमार गुप्ता** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **19-11-2026** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्रकरण क्र. 526 दिनांक 04.11.2026
वार्ड का नाम- माधव राव सप्रे वार्ड
वार्ड क्र. 20 वर्ष- 2025-26

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 20 मांग **पंजी क्र. 1216 युआईडी 41321** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **उज्जवल गोस्वामी / चिरंजीवी गोस्वामी** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **दिपक बाई साहू / बिसाहू राम साहू** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **19-11-2026** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./36723/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 04-11-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36723
वार्ड का नाम-49- रानी दुर्गावती वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **49** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445O00400** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KAVITA JAIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJESH JAIN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रेयशी पाल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता - मानव पाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
सुश्री रूचि शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./36781/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026
रायपुर दिनांक : 05-11-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36781
वार्ड का नाम- 60 चंद्रशेखर आजाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **60** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652B00527** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **PANCHO BAI VERMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VISHAMBHAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NAUSHAD** पिता/पति श्री/श्रीमती **MOHAMMAD DILAWAR KHAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत शंकर नगर रायपुर में स्थित भवन क्रमांक-ए/24, सेक्टर-01, (1) श्री किशोर रेलवानी (2) श्री मुरली रेलवानी एवं (3) श्री गिरीश रेलवानी सभी के पिता स्व. ठाकुर राम रेलवानी के नाम से इस कार्यालय के पत्र कमांक- 1138 दिनांक 19.02.2018 द्वारा नामांतरित है।
State Bank Of India, SME Branch- Raipur (C.G.) का पत्र **दिनांक 27. 10.2026** द्वारा इस कार्यालय को सूचित किया गया है कि नामांतरी द्वारा बैंक ऋण की किश्ते चुकता नही किये जाने पर बैंक द्वारा सरफेसी एक्ट 2002 अनुसार ऋण खाता छच। / डिफाल्टर घोषित कर दिया गया है। बैंक द्वारा उक्त भवन का अपने कब्जे में लेते हुए ई-निलामी के माध्यम से विक्रय करने हेतु नवभारत रायपुर में **दिनांक 12.08.2026** को विज्ञापन प्रकाशन कर उक्त भवन को क्रेता **श्रीमती मंजू जैन पति श्री सुनील कुमार जैन, पता- डी-210, सेक्टर-05, देवेन्द्र नगर रायपुर (छ.ग.)** के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में आवेदन पत्र मय Possession Notice, Sale Intimation Letter, विक्रय विज्ञापन की प्रति, विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया है। State Bank Of India, SME Branch- Raipur (C.G.) Authorised Officer- Shri Sajan Joseph Mathew (Chief Manager) को उक्त भवन क्रेता श्रीमती मंजू जैन पति श्री सुनील कुमार जैन के पक्ष में विक्रय किये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) जारी किया जाना है।
अत: उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./36809/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026
रायपुर दिनांक : 05-11-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36809
वार्ड का नाम- 62 शहीद राजीव पांडे वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **62** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR654E0061A** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **JAGESHWAR MESHRAM** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O JAGDISH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **CHITRAREKHA MAHAR** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O LT. TILAK MAHAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **SHAPATH PATRA, SAHMATI PATRA OR PANCHNAMA OR PARIWARIK MUKHTIYARNAMA** / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./36810/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026
रायपुर दिनांक : 05-11-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36810
वार्ड का नाम- 62 शहीद राजीव पांडे वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **62** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR654E0061B** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **JAGESHWAR MESHRAM** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O JAGDISH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **HEERA MESHRAM** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O SANTOSH MESHRAM** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **SHAPATH PATRA, SAHMATI PATRA OR PANCHNAMA OR PARIWARIK MUKHTIYARNAMA** / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./36811/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026
रायपुर दिनांक : 05-11-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36811
वार्ड का नाम- 62 शहीद राजीव पांडे वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **62** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR654E00061** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **JAGESHWAR MESHRAM** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O JAGDISH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **LEELA MESHRAM** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O JAGESHWATI MESHRAM** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **SHAPATH PATRA, SAHMATI PATRA OR PANCHNAMA OR PARIWARIK MUKHTIYARNAMA** / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./36818/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026
रायपुर दिनांक : 05-11-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36818
वार्ड का नाम- 62 शहीद राजीव पांडे वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **62** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR654J00222** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **ASHOK GUPTA, SURESH KUMAR GUPTA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMDAS GUPTA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SURESH KUMAR GUPTA** पिता/पति श्री/श्रीमती **RAMDAS GUPTA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **SHAPATH PATRA, SAHMATI PATRA OR PANCHNAMA OR PARIWARIK MUKHTIYARNAMA** / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./36663/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 05-11-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 36663
वार्ड का नाम-43-ब्राम्हणपारा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **43** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR758D0133A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SUNIL KUMAR, VINAY KUMAR, MANOJ KUMAR, KU. INDRA, KU. LAXMI, KU. CHHOTI RAIN DHIMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HIRDAYLAL DHIMAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री शीतला माता मंदिर धीवर (ढीमर), समाज समिति, अध्यक्ष विमल कुमार फुटान** पिता/पति, श्री/श्रीमती **लालू राम फुटान** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

दैनिक
विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर, शुक्रवार 06 नवंबर 2026

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

संपादकीय

गठबंधन बनाने की ऊबाऊ प्रक्रिया.....

अब इजराइल में गठबंधन बनाने की ऊबाऊ प्रक्रिया शुरू होगी। विपक्षी नेता गादी आसेनकोट ने अभी उम्मीद नहीं छोड़ी है। इसलिए कुछ दिन रहस्य बना रहेगा, लेकिन बाजी आखिरकार शायद नेतन्याहू के हाथ ही रहेगी! इजराइल में फिर बेंजामिन नेतन्याहू के नेतृत्व में सरकार बनने की संभावना बनती दिख रही है। हालांकि ताजा चुनाव में किसी पार्टी या गठबंधन को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला, लेकिन मौजूदा सियासी समीकरणों के बीच ऐसा लगता है कि नेतन्याहू की स्थिति मजबूत है। चुनाव रुझानों के मुताबिक 120 सदस्यीय केनेसेट (संसद) में नेतन्याहू की अपनी पार्टी लिकुड को तो महज 28 सीटें ही मिलीं, लेकिन धुर-दक्षिणपंथी ऐसे 57 सांसद जीत कर आए हैं, जिनका समर्थन वर्तमान प्रधानमंत्री को मिल सकता है। नतीजे सामने आने के बाद राष्ट्र के नाम संबोधन में नेतन्याहू ने दावा किया कि 'दक्षिणपंथी पार्टियों को निर्णायक जीत' मिली है। इस आधार पर उन्होंने आह्वान किया 'राष्ट्रीय दक्षिणपंथी सरकार' का गठन होना चाहिए। उचित ही इस अपील को उन छोटे दलों को अपनी ओर खींचने का दांव माना गया है, जो यहूदीवादी (मजहबी) एजेंडे को लेकर मतदाताओं के बीच गए थे। वैसे, जिन मुद्दों और सवालों के बीच यह चुनाव हुआ, उनके मद्देनजर यह कहा जाएगा कि नेतन्याहू इजराइली राजनीति में अपने प्रभाव का फिर मुजाहिरा करने में कामयाब रहे हैं। भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों, प्रशासनिक अकुशलता की शिकायतों, और सात अक्टूबर 2023 के हमास के हमलों के दौरान सरकारी नाकामी के तमाम कथानकों के बीच लिकुड का सबसे बड़ी पार्टी बने रहना संकेत है कि इजराइली आवाम के एक बड़े हिस्से को आज भी नेतन्याहू का कोई विकल्प नजर नहीं आता। इस सिलसिले में अमेरिकी समर्थन भी एक बड़ा पहलू है, जिसकी इजराइली सियासत में हमेशा निर्णायक किस्म की भूमिका रही है। इस चुनाव के दौरान दो बार अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने खुलेआम नेतन्याहू के लिए अपने समर्थन का एलान किया। इससे संदेश गया कि अमेरिका का बेहिचक समर्थन बनाए रखने के लिए नेतन्याहू का नेतृत्व जरूरी है। अनुमान लगाया जा सकता है कि युद्ध के मौजूदा माहौल में इस पहलू ने अनेक मतदाताओं के निर्णय को प्रभावित किया होगा। अब इजराइल में गठबंधन बनाने की ऊबाऊ प्रक्रिया शुरू होगी। विपक्षी नेता पूर्व सेनाध्यक्ष गादी आसेनकोट ने अभी उम्मीद नहीं छोड़ी है। इसलिए कुछ दिन रहस्य बना रहेगा, लेकिन बाजी आखिरकार शायद नेतन्याहू के हाथ ही रहेगी!

बिहान से बदल रही सरगुजा की महिलाओं की तस्वीर
हुनर और हौसले से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम



कभी रोजगार के साधनों की कमी और आर्थिक निर्भरता ग्रामीण महिलाओं के आगे बढ़ने की राह में बड़ी चुनौती थी। आज वही महिलाएं अपने हुनर, मेहनत और हौसले से स्वरोजगार की नई राह बना रही हैं। कोई अपने हाथों के हुनर से खस की आकर्षक कलाकृतियां तैयार कर रही है, तो कोई ऑटो रिक्शा चलाने के साथ किराना दुकान संभालकर परिवार की आर्थिक ताकत बन रही है। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' से जुड़ी सरगुजा की महिलाओं की ये कहानियां आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते ग्रामीण छत्तीसगढ़ की तस्वीर पेश करती हैं। सेवा संकल्प अभियान के बीच सामने आई लखनपुर विकासखंड के ग्राम लटोरी की स्व-सहायता समूह की महिलाओं और बतौली विकासखंड के ग्राम तारागी की श्रीमती सूरजपति की सफलता की कहानी बताती है कि जब महिलाओं के हुनर को प्रशिक्षण, आर्थिक सहयोग और आगे बढ़ने का अवसर मिलता है, तो वे अपनी मेहनत से परिवार की परिस्थितियां बदलने के साथ समाज में अपनी अलग पहचान भी बना सकती हैं। एक ओर लटोरी की 20 महिलाएं हस्तशिल्प के अपने हुनर को बाजार से जोड़कर आजीविका की नई राह पर आगे बढ़ रही हैं, वहीं दूसरी ओर सूरजपति ने समूह से मिले 60 हजार रुपये के ऋण को अपनी मेहनत से दो व्यवसायों में बदल दिया। आज ऑटो रिक्शा और किराना दुकान से होने वाली आय ने उन्हें 'लखपति दीदी' की पहचान दिलाई है। लखनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत लटोरी की महामाया और रेखा स्व-सहायता समूह से जुड़ी 20 महिलाओं ने दिखाया है कि हाथों के हुनर को सही प्रशिक्षण और अवसर मिले तो वही हुनर आजीविका का मजबूत आधार बन सकता है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत इन महिलाओं को हस्तशिल्प बोर्ड के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद महिलाओं ने खस से आकर्षक और पर्यावरण अनुकूल उत्पाद तैयार करना शुरू किया। उनके हाथों से कलात्मक डलिया, टोकरी, सजावटी गुलदस्ते, पूजा की ट्रे और फ्रूट बास्केट जैसे विभिन्न उत्पाद आकार ले रहे हैं। स्थानीय स्तर पर तैयार ये उत्पाद पर्यावरण अनुकूल होने के साथ महिलाओं की रचनात्मकता और कौशल की पहचान भी बन रहे हैं। बाजार में इन उत्पादों की मांग ने महिलाओं को अपने हुनर को आजीविका में बदलने का अवसर दिया है। अब उनके हाथों से तैयार उत्पाद घर की चौखट से निकलकर बाजार तक पहुंच रहे हैं और परिवार की आय में योगदान दे रहे हैं। रेखा महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य श्रीमती कौशल्या राजवाड़े के लिए यह बदलाव विशेष मायने रखता है। उनके अनुसार पहले उनके पास रोजगार का कोई साधन नहीं था। बिहान से जुड़ने और हस्तशिल्प का प्रशिक्षण मिलने के बाद आज उनके पास अपना काम और आय अर्जित करने का अवसर है। कौशल्या और समूह की अन्य महिलाओं की आकांक्षाएं अब केवल उत्पाद बनाने तक सीमित नहीं हैं। वे अपने व्यवसाय को और आगे बढ़ाना चाहती हैं। उनका सपना है कि उनके हाथों से तैयार उत्पादों की पहचान गांव से निकलकर बड़े बाजारों तक पहुंचे और उनके गांव का नाम भी रोशन हो। उनकी यह आकांक्षा बताती है कि स्व-सहायता समूह महिलाओं को केवल आर्थिक गतिविधियों से नहीं जोड़ते, बल्कि उन्हें बड़े सपने देखने और उन सपनों को अपनी मेहनत से पूरा करने का आत्मविश्वास भी देते हैं। बतौली विकासखंड के ग्राम तारागी की श्रीमती सूरजपति की कहानी बिहान से मिले अवसर को मेहनत के बल पर सफलता में बदलने का उदाहरण है। कभी आर्थिक तंगी और आय के स्थायी साधन के अभाव से जूझ रहीं सूरजपति वर्ष 2020 में बिहान के स्व-सहायता समूह से जुड़ीं। समूह से उन्हें मार्गदर्शन के साथ आर्थिक सहयोग का रास्ता मिला। उन्होंने 60 हजार रुपये का ऋण लिया और इसे केवल घरेलू खर्च में उपयोग करने के बजाय अपने भविष्य की पूंजी बनाया। सूरजपति ने ऑटो रिक्शा संचालन शुरू किया और साथ ही किराना दुकान भी स्थापित की। एक ही आय स्रोत पर निर्भर रहने के बजाय उन्होंने दो अलग-अलग आजीविका गतिविधियों को अपनाया। धीरे-धीरे मेहनत रंग लाई और दोनों व्यवसाय उनके परिवार की आर्थिक मजबूती का आधार बन गए। आज सूरजपति को किराना दुकान से लगभग 200 रुपये प्रतिदिन और ऑटो रिक्शा संचालन से लगभग 300 रुपये प्रतिदिन की आय हो रही है। दोनों व्यवसायों से उनकी कुल दैनिक आय लगभग 500 रुपये है और वार्षिक आय लगभग 1.80 लाख रुपये तक पहुंच गई है। कभी आर्थिक तंगी से जूझने वाली सूरजपति आज 'लखपति दीदी' के रूप में अपनी नई पहचान बना चुकी हैं। यह उपलब्धि उनके लिए केवल आय का आंकड़ा नहीं है। आज वे परिवार के पालन-पोषण में आर्थिक रूप से मजबूत भागीदारी निभा रही हैं और अपने भविष्य के संबंध में स्वयं निर्णय लेने का आत्मविश्वास भी हासिल कर चुकी हैं। 60 हजार रुपये के ऋण से शुरू हुआ उनका सफर बताता है कि आर्थिक सहयोग को जब सही योजना, मेहनत और निरंतर प्रयास से जोड़ा जाता है तो छोटी शुरुआत भी आत्मनिर्भरता की बड़ी कहानी बन सकती है। लटोरी की 20 महिलाओं और सूरजपति की आजीविका के रास्ते अलग-अलग हैं, लेकिन मंजिल एक है—आर्थिक आत्मनिर्भरता। लटोरी की महिलाओं ने प्रशिक्षण लेकर हस्तशिल्प को रोजगार से जोड़ा। स्थानीय संसाधनों और अपने हुनर का उपयोग कर उन्होंने पर्यावरण अनुकूल उत्पाद तैयार किए और बाजार तक पहुंचने की दिशा में कदम बढ़ाए। दूसरी ओर सूरजपति ने समूह से मिले ऋण को पूंजी बनाकर ऑटो रिक्शा और किराना दुकान के रूप में आय के दो स्रोत विकसित किए। इन दोनों कहानियों में बिहान की भूमिका केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है। संगठन, प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और वित्तीय सहयोग के माध्यम से महिलाओं को अपनी क्षमता पहचानने और उसे आजीविका में बदलने का अवसर मिला है। जब कोई महिला स्वयं आय अर्जित करती है तो इसका प्रभाव केवल उसकी आर्थिक स्थिति पर नहीं पड़ता, बल्कि पूरे परिवार के जीवन में दिखाई देता है। परिवार की जरूरतों को पूरा करने, बच्चों के भविष्य की योजना बनाने और आर्थिक निर्णयों में भागीदारी करने का उसका आत्मविश्वास बढ़ता है। लटोरी की महिलाओं के लिए हस्तशिल्प आय का नया माध्यम बना है, जबकि सूरजपति के लिए ऑटो और किराना व्यवसाय आर्थिक स्थिरता का आधार बन गए हैं। दोनों उदाहरण बताते हैं कि रोजगार और स्वरोजगार के अवसर महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के साथ उनमें अपने फैसले स्वयं लेने का भरोसा भी पैदा करते हैं। स्व-सहायता समूहों की सबसे बड़ी ताकत उनकी सामूहिकता है। महिलाएं एक साथ जुड़ती हैं, बचत करती हैं, एक-दूसरे से सीखती हैं, प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं और उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर अपनी आजीविका को

अटल जी के सपनों से विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प तक,संस्कृति,स्वाभिमान और विकास की गौरवशाली यात्रा

राजेश अग्रवाल

छत्तीसगढ़ की माटी में इतिहास की गहराई है, संस्कृति की मिठास है, परंपराओं की सुगंध है और भविष्य की असीम संभावनाएं हैं। यहां के लोकगीतों में जीवन का संगीत है, लोकनृत्यों में उत्साह की उमंग है और जनजातीय परंपराओं में प्रकृति के साथ सहअस्तित्व का अद्भुत दर्शन समाहित है। यह वह धरती है, जहां श्रम को सम्मान, प्रकृति को आराधना और संस्कृति को जीवन का आधार माना जाता है। छत्तीसगढ़ केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि अपनी विशिष्ट भाषा, लोकजीवन, परंपराओं और गौरवशाली विरासत से निर्मित एक जीवंत सांस्कृतिक पहचान है। आज जब हम छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 26वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव के भव्य समापन के साक्षी बने हैं, तब मन गर्व, आत्मीयता और कृतज्ञता से भर उठता है। यह उत्सव केवल रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और समारोहों का आयोजन नहीं था, बल्कि छत्तीसगढ़ की आत्मा, अस्मिता, स्वाभिमान और विकास यात्रा का जीवंत उत्सव बनकर सामने आया। नवा रायपुर में आयोजित राज्योत्सव ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि हमारी सांस्कृतिक विरासत हमारी सबसे बड़ी शक्ति है और यही शक्ति विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की प्रेरणा भी है। छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा का स्मरण पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के उल्लेख के बिना अधूरा है। उनके नेतृत्व में 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ एक स्वतंत्र राज्य के रूप में अस्तित्व में आया। यह ऐतिहासिक निर्णय इस अंचल की वर्षों पुरानी आकांक्षाओं, सांस्कृतिक पहचान और विकास की अपेक्षाओं को साकार करने वाला था। अटल जी ने छत्तीसगढ़ की विशिष्ट पहचान, यहां की जनभावनाओं और विकास की संभावनाओं को समझते हुए अलग राज्य के गठन का मार्ग प्रशस्त किया। उनका यह निर्णय छत्तीसगढ़ की जनता के लिए एक ऐतिहासिक सौगात बना। आज राज्य स्थापना के 26 वर्ष पूर्ण होने पर हम अटल जी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, जिन्होंने छत्तीसगढ़ को अपनी नियति स्वयं गढ़ने और विकास की नई इबारत लिखने का अवसर प्रदान किया। अटल जी ने जिस छत्तीसगढ़ की आधारशिला रखी थी, उसे समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित राज्य के रूप में स्थापित करना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। राज्योत्सव का प्रत्येक आयोजन हमें उनके इस ऐतिहासिक योगदान की याद दिलाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का जो संकल्प देश के सामने रखा है, उसमें छत्तीसगढ़ की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्राकृतिक संसाधनों, कृषि संपदा, वन संपदा, खनिज संपदा, सांस्कृतिक विविधता और परिश्रमी मानव संसाधन से समृद्ध हमारा प्रदेश विकास की व्यापक संभावनाओं से परिपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विरासत के संरक्षण और विकास को एक-दूसरे का पूरक मानते हुए आगे बढ़ने की सोच को नई दिशा मिली है। इसी भावना के अनुरूप छत्तीसगढ़ में भी अपनी लोकसंस्कृति, जनजातीय परंपराओं, ऐतिहासिक धरोहरों और धार्मिक स्थलों के संरक्षण के साथ आधुनिक विकास को गति देने के प्रयास किए जा रहे हैं। हमारा विश्वास है कि विकास का वास्तविक अर्थ केवल भौतिक अधोसंरचना का विस्तार नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना भी है।

भूटान की पहाड़ियों से उठी जलप्रलय की आहट

नीरज कुमार दुबे

भूटान के गासा जिले के लेमथांग क्षेत्र में स्थित शिंताफू झील के बांधनुमा प्राकृतिक अवरोध के टूटने से भारी मात्रा में पानी बाहर निकला। इस घटना के बाद पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार, कूचबिहार और असम के धुबरी तथा कोकराझार जिलों में बाढ़ की आशंका को देखते हुए प्रशासन को सतर्क कर दिया गया। हिमालय की बर्फीली चोटियों से उठी एक प्राकृतिक हलचल ने भारत के पूर्वोत्तर और उत्तर बंगाल की चिंता बढ़ा दी है। भूटान की शिंताफू ग्लेशियर झील के फटने से निकला पानी नदियों के रास्ते भारत की ओर बढ़ा। प्रशासन ने अलर्ट जारी किया, गांव खाली कराए गए और बचाव एजेंसियों को मोर्चे पर लगाया गया। फिलहाल पानी का स्तर घटने के संकेत हैं, लेकिन एक नई अस्थायी झील बनने से खतरे का एक और पहलू सामने आ गया है। दरअसल, हिमालय की ऊंची चोटियों पर जमा बर्फ जब टूटती है, तो उसका असर केवल पहाड़ों तक सीमित नहीं रहता। कई बार हजारों फीट नीचे बसे गांवों, कस्बों और शहरों की जिंदगी भी इसकी चपेट में आ जाती है। भूटान में 29 अक्टूबर 2026 को हुई ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड की घटना ने एक बार फिर इसी खतरे की गंभीरता को सामने ला दिया है। हम आपको बता दें कि भूटान के गासा जिले के लेमथांग क्षेत्र में स्थित शिंताफू झील के बांधनुमा प्राकृतिक अवरोध के टूटने से भारी मात्रा में पानी बाहर निकला। इस घटना के बाद पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार, कूचबिहार और असम के धुबरी तथा कोकराझार जिलों में बाढ़ की आशंका को देखते हुए प्रशासन को सतर्क कर दिया गया। केंद्रीय जल आयोग ने भी संभावित जलस्तर वृद्धि को लेकर विशेष बाढ़ परामर्श जारी किया। अंतरराष्ट्रीय एकीकृत पर्वतीय विकास केंद्र के अनुसार, घटना से पहले शिंताफू झील में लगभग 60 से 70 लाख घन मीटर पानी मौजूद था। यह करीब 2,400 से 2,800 ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूल के बराबर है। हालांकि, वास्तव में कितना पानी बाहर निकला, इसका आकलन अभी किया जा रहा है। इस पानी का प्रवाह भूटान की मो छू नदी और आगे पुनात्सांगछू नदी तंत्र से होते हुए भारत में संकोश नदी की ओर बढ़ा। भारत में संकोश नदी पश्चिम बंगाल और असम के सीमावर्ती इलाकों के लिए महत्वपूर्ण है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, पानी को सीमा तक पहुंचने में लगभग छह से आठ घंटे लगने की आशंका जताई गई थी। यही वजह रही कि प्रशासन ने संभावित खतरे को गंभीरता से लेते हुए पहले ही सतर्कता बढ़ा दी। उधर, पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में प्रशासन ने एहतियात के तौर पर लगभग 6,000 से 7,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। इनमें नदी किनारे और संवेदनशील इलाकों में रहने वाले परिवार शामिल थे। राहत शिविरों में चार हजार से अधिक लोगों के लिए भोजन, राशन, बच्चों के लिए जरूरी खाद्य सामग्री और दूसरी सुविधाओं की व्यवस्था की गई। जलपाईगुड़ी और कूचबिहार में भी निगरानी बढ़ाई गई। प्रशासन ने लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को नदी किनारों और निचले इलाकों से दूर रहने की चेतावनी दी। ह्यष्ठक्रस्न, स्ष्ठक्रस्न और नागरिक सुरक्षा की टीमें तैनात की गईं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने धुबरी और कोकराझार के संवेदनशील राजस्व क्षेत्रों में स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ह्यष्ठक्रस्न के साथ लगातार संपर्क बनाए रखने तथा लोगों से सरकारी निर्देशों का पालन करने की अपील की। ताजा रिपोर्टों के मुताबिक संकोश नदी का जलस्तर घटने लगा है। कोकराझार के जिला प्रशासन ने भी तत्काल बड़े पैमाने पर जलभराव की आशंका कम होने की बात कही है। पश्चिम बंगाल में फिलहाल बड़े नुकसान या जनहानि की सूचना नहीं है। लेकिन इस पूरी घटना में सबसे चिंताजनक तथ्य एक नई अस्थायी झील का निर्माण है। भूटान के राष्ट्रीय जल विज्ञान एवं मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पानी और मलबे के बहाव से टाक्त्सेमाखांग में एक नई झील बन गई है। यह सिंताफू छू और लुंगू छू नदियों के संगम के पास स्थित है। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसी अस्थायी झीलें दोबारा बाढ़ का कारण बन सकती हैं। तेज बहाव अपने साथ चट्टानें और मलबा लाता है, जिससे नदी का रास्ता अवरुद्ध हो सकता है। यदि पानी का दबाव बढ़कर इस प्राकृतिक अवरोध को तोड़ता है, तो दूसरी बाढ़ पैदा हो सकती है। इसलिए भूटान में मो छू और पुनात्सांगछू नदी घाटियों के आसपास रहने वाले लोगों को भी सतर्क रहने की सलाह दी गई है। यहां सवाल उठता है कि आखिर क्यों फट रही हैं हिमालय की ग्लेशियर झीलें? देखा जाये तो इसका सबसे बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन और तेजी से पिघलते ग्लेशियरों को माना जाता है। ग्लेशियरों के पीछे हटने से उनके आसपास बड़ी-बड़ी झीलें बनती हैं। इनमें पानी अक्सर बर्फ, चट्टानों और हिमनदों से निकले मलबे के प्राकृतिक बांधों के पीछे जमा होता है। भारी बारिश, हिमस्खलन, चट्टानों का झील में गिरना, भूकंप और प्राकृतिक बांधों का कमजोर होना अचानक पानी के बाहर निकलने का कारण बन सकते हैं। इसी घटना को ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड यानी ल्रस्रस्न कहते हैं। यह सामान्य बाढ़ से अधिक खतरनाक हो सकती है क्योंकि इसमें पानी के साथ भारी मात्रा में पत्थर, मिट्टी और मलबा भी तेजी से नीचे आता है। देखा जाये तो भूटान की यह घटना भारत के लिए केवल एक स्थानीय बाढ़ का मामला नहीं है। यह हिमालयी राज्यों की आपदा प्रबंधन व्यवस्था की भी परीक्षा है। भारत सरकार ने सितंबर 2026 में हिमालयी राज्यों की ल्रस्रस्न और हिमस्खलन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की थी। इसमें शुरुआती चेतावनी प्रणाली, संवेदनशील झीलों की निगरानी, जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान और समय पर लोगों को सुरक्षित निकालने पर जोर दिया गया था। लेकिन अब कुछ सवालों के जवाब तलाशना जरूरी है।

गरीबी से मुक्ति:भारत में उम्मीद का नया उजाला

ललित गर्ग

विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2011 से 2023 के बीच भारत में अत्यधिक निर्धनता की दर 27.1 प्रतिशत से घटकर 2.6 प्रतिशत रह गई। इसी अवधि में 4.20 डॉलर प्रतिदिन की अंतरराष्ट्रीय निर्धनता सीमा के अंतर्गत आने वाली आबादी का अनुपात 57.7 प्रतिशत से घटकर 16.1 प्रतिशत हो गया। किसी राष्ट्र की वास्तविक प्रगति का आकलन केवल उसकी आर्थिक विकास दर, सकल घरेलू उत्पाद, औद्योगिक विस्तार अथवा वैश्विक आर्थिक रैंकिंग से नहीं किया जा सकता। विकास की सार्थकता तब सिद्ध होती है, जब उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, निर्धनता का दायरा सिमटे, सामान्य नागरिक के जीवन में सुरक्षा, सम्मान और समृद्धि का संचार हो, गरीबी का कलंक मिटे तथा आर्थिक अवसरों पर सबका समान अधिकार स्थापित हो। इस दृष्टि से भारत में गरीबी और निर्धनता के स्तर में आई उल्लेखनीय गिरावट एक ऐतिहासिक उपलब्धि और नए भारत के निर्माण का शुभ संकेत है। विश्व बैंक की नवीनतम रिपोर्ट में भारत की इस प्रगति को वैश्विक स्तर पर गरीबी में आई सबसे तेज गिरावटों में से एक माना जाना इस उपलब्धि को और महत्वपूर्ण बनाता है। यह केवल आर्थिक आंकड़ों का परिवर्तन नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव की कहानी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में गरीबी उन्मूलन की दिशा में किए गए प्रयासों का यह एक महत्वपूर्ण परिणाम है, एक शुभ एवं श्रेयस्कर भविष्य की आहट है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2011 से 2023 के बीच भारत में अत्यधिक निर्धनता की दर 27.1 प्रतिशत से घटकर 2.6 प्रतिशत रह गई। इसी अवधि में 4.20 डॉलर प्रतिदिन की अंतरराष्ट्रीय निर्धनता सीमा के अंतर्गत आने वाली आबादी का अनुपात 57.7 प्रतिशत से घटकर 16.1 प्रतिशत हो गया। इसका अर्थ है कि लगभग 49.6 करोड़ लोग गरीबी के दायरे से बाहर आए। वर्ष 2028 तक इस अनुपात के 12.1 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान भी व्यक्त किया गया है। ये आंकड़े भारत की आर्थिक और सामाजिक यात्रा में एक बड़े परिवर्तन के प्रमाण हैं। विशेष बात यह है कि भारत ने इतनी बड़ी आबादी, व्यापक सामाजिक विविधता और कोविड जैसी वैश्विक महामारी की चुनौतियों के बावजूद निर्धनता कम करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है, यह मोदी सरकार की युगान्तरकारी जन-कल्याण योजनाओं एवं गरीबी उन्मूलन के



संकल्पों का ही परिणाम है। इस परिवर्तन के पीछे केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि विकास को जनकल्याण से जोड़ने की नीति भी महत्वपूर्ण रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जनधन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, हर घर जल, आयुष्मान भारत, मुद्रा योजना और मुफ्त खाद्यान्न वितरण जैसी योजनाओं ने निर्धन परिवारों के जीवन में व्यापक बदलाव लाने का काम किया है। इन योजनाओं की विशेषता यह है कि इन्होंने गरीबी को केवल आय की कमी के रूप में नहीं देखा, बल्कि आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, पेयजल, बिजली, भोजन और वित्तीय समावेशन जैसी बुनियादी आवश्यकताओं से जोड़कर उसका समाधान करने का प्रयास किया है। किसी निर्धन परिवार को पक्का मकान मिलना केवल आवास की उपलब्धता नहीं, बल्कि उसे संपत्ति, सुरक्षा और सामाजिक प्रतिष्ठा प्रदान करना है। घर में बिजली, शौचालय और नल से जल की सुविधा उपलब्ध होना उसके जीवन की गुणवत्ता में बुनियादी परिवर्तन लाता है। जनधन खातों और आधार जैसी व्यवस्थाओं ने नागरिकों को वित्तीय एवं वैधानिक पहचान प्रदान की है। आयुष्मान भारत ने स्वास्थ्य संकट के समय गरीब परिवारों को आर्थिक सुरक्षा देने का आधार तैयार किया है। विश्व बैंक ने गरीबी में कमी के प्रमुख कारणों में उपभोग में वृद्धि, रोजगार के अवसरों का विस्तार, विशेषकर महिलाओं की रोजगार में बढ़ती भागीदारी और खाद्य सब्सिडी सहित सामाजिक कल्याणकारी हस्तांतरणों की भूमिका को रेखांकित किया है। वर्ष 2017 से 2023 के बीच रोजगार में लगभग 13.4 करोड़ लोगों की वृद्धि होना भी महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसमें ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की बढ़ती आर्थिक सक्रियता परिवारों की आय बढ़ाने के साथ-साथ सामाजिक आत्मनिर्भरता और निर्णय क्षमता को भी मजबूत करती है। ग्रामीण भारत में निर्धनता की तेज गिरावट ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आर्थिक अंतर को भी कम करने में योगदान दिया है। एक अन्य महत्वपूर्ण संकेतक गिनी सूचकांक है, जिसके माध्यम से आय अथवा उपभोग के वितरण में असमानता का आकलन किया जाता है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार भारत का उपभोग आधारित गिनी सूचकांक 23 तक पहुंचा है, जो अपेक्षाकृत कम असमानता का संकेत देता है। यह अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों की तुलना में भारत की बेहतर स्थिति को दर्शाता है। हालांकि यहां यह समझना आवश्यक है कि उपभोग आधारित गिनी सूचकांक समाज में संपत्ति, आय और अवसरों की समग्र असमानता का पूरा चित्र प्रस्तुत नहीं करता।

कार्यालय अधिष्ठाता
पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)
Phone No.-0771-2525602, 2890001,
E-mail- ptjnm_mcr@rediffmail.com,
Website- www.ptjnmcraipur.in

क्रमांक / चिकि. / क्रय/ 2026/15674 रायपुर, दिनांक: 23/10/2026

// निविदा आमंत्रण सूचना //

पं.ज.ने स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.) के केन्द्रीय ग्रंथालय के लिए विभिन्न विषयों की मेडिकल शोध पत्रिकाओं (प्रिन्ट) के क्रय हेतु मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी एवं निविदा प्रपत्र महाविद्यालय के वेबसाईट WWW.ptjnmcraipur.in से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा जमा की अंतिम तिथि 27/11/2026 समय अपरान्ह 03:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि 27/11/2026 समय सांय 04:00 बजे

स्थान : अधिष्ठाता कार्यालय पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग)

अधिष्ठाता
पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा
महाविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

G-262704398/2

कठिन परिस्थितियों में धैर्य, सकारात्मकता और आत्मविश्वास बनाए रखें: राष्ट्रसंत मुनि श्री प्रमाणसागर जी

■ परिणाम की चिंता छोड़ पुरुषार्थ पर ध्यान दें, भाग्य को दोष देने के बजाय अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहें



गिरीडीह (विश्व परिवार)। राष्ट्रसंत मुनि श्री 108 प्रमाणसागर महाराज ने शंका समाधान में जीवन की कठिन परिस्थितियों, भाग्य-कर्म, मानसिक चिंताओं, युवाओं के भविष्य और गुणायतन की दीर्घकालीन योजनाओं से जुड़े प्रश्नों के उत्तर बड़े ही सहज भाव के साथ दिये। गुणायतन के राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन 'विद्यावाणी' ने बताया कि महाराज श्री ने कहा कि आप लोग गुणायतन को मंदिर या प्रोजेक्ट नहीं, वल्कि जिनशासन सेवा का व्यापक अभियान बनाने की दूरदर्शी योजना है, उन्होंने कहा कि विद्या प्रमाण सक्षम अकादमी युवाओं को नि:शुल्क प्रतियोगी परीक्षा प्रशिक्षण दैने का कार्य कर रही है, उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियां जीवन में बाधा नहीं, बल्कि स्वयं को साबित करने और अपनी क्षमता को विकसित करने का अवसर हैं। मनुष्य को विपरीत परिस्थितियों में घबराने अथवा निराश होने के बजाय धैर्य, आशा और आत्मविश्वास के साथ उनका सामना करना चाहिए। जीवन में हमारा अधिकार केवल पुरुषार्थ और प्रयास पर है, परिणाम पर नहीं। इसलिए परिणाम की चिंता छोड़कर अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए। जो हमारे हाथ में है, उसे पूरी ईमानदारी से करें और जो हमारे नियंत्रण में नहीं है, उसकी अनावश्यक चिंता न करें। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में सकारात्मकता बनाए रखने के चार सूत्र बताए। पहला, कठिनाई में छिपे अवसर को तलाशें। परिस्थिति को चुनौती नहीं, स्वयं को साबित करने का अवसर समझें। हमारा जन्म भी संघर्ष से हुआ है। उन्होंने उदाहरण देते हुये कहा कि बच्चा प्रसव की पीड़ा पार करके जन्म लेता है। बीज को मिट्टी से संघर्ष करके, धूप, सर्दी, गर्मी और आंधी-तूफान सहकर ही विशाल वृक्ष बनना पड़ता है। प्रकृति का नियम है कि जो जितनी कठिनाइयों का सामना करता है, वह उतना ही समर्थ बनता है। दूसरा, धैर्य रखें। कोई भी परिस्थिति स्थायी नहीं होती। कितनी भी लंबी अंधकारमय रात हो, सुबह अवश्य होती है। इसलिए विपरीत समय में विश्वास रखें कि यह समय भी गुजर जाएगा। तीसरा, आशावादी बनें। निराशा को अपने ऊपर हावी न होने दें। हार सकते हैं, लेकिन हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। बार-बार प्रयास करने की भावना रखें। आज की कठिनाई कल आपकी उपलब्धि बन सकती है। चौथा, आत्मविश्वास मजबूत रखें। कमजोर मन वाला व्यक्ति काम शुरू होने से पहले ही सोचता है कि यह कैसे होगा, जबकि आत्मविश्वासी व्यक्ति सोचता है कि इसे कैसे करना है। जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, लेकिन हर परिस्थिति में समाधान खोजने का संकल्प होना चाहिए। अतीत की यादों और भविष्य की चिंताओं में उलझे रहने के प्रश्न पर महाराज श्री ने कहा कि जो हो गया, वह बीत गया। उसे बार-बार याद करके वर्तमान को खराब करना उचित नहीं है। नौकरी, परिवार और भविष्य की असुरक्षा से घबराने के बजाय आध्यात्मिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। आत्मा को जानने वाला व्यक्ति समझता है कि शरीर नश्वर है, आत्मा शाश्वत है। परिवार और शरीर के संबंध संयोग से प्राप्त हुए हैं, जबकि आत्मा हमारा वास्तविक स्वरूप है।

मेरा युवा भारत, बस्तर द्वारा शासकीय पीजी कॉलेज में 'युवा संवाद' कार्यक्रम का आयोजन



जगदलपुर (विश्व परिवार)। युवा सहभागिता को प्रोत्साहित करने तथा युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों एवं मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत, बस्तर द्वारा शासकीय पीजी कॉलेज, जगदलपुर के सभागार में 'युवा संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय अपने मत को जानें रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री महेश कश्यप उपस्थित रहे। साथ ही जगदलपुर महापौर श्री संजय पांडेय तथा शासकीय पीजी कॉलेज के प्राचार्य श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान युवा आइकॉन श्री चरण कमल सोनवानी द्वारा ' अपने मत को जाने ' विषय पर विशेष प्रस्तुतीकरण दिया गया। उन्होंने युवाओं को मतदान के महत्व, मतदाता के अधिकारों एवं लोकतंत्र में युवाओं की सक्रिय भागीदारी के प्रति जागरूक किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने जनप्रतिनिधियों के साथ सीधे संवाद किया तथा लोकतंत्र, निर्वाचन प्रक्रिया, युवाओं की भूमिका और क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे। जनप्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा अपने मताधिकार का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं एवं विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करने हेतु लोकतांत्रिक शपथ भी दिलाई गई।

इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र के निर्माण की महत्वपूर्ण शक्ति हैं। लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवाओं का जागरूक, जिम्मेदार एवं सक्रिय मतदाता होना आवश्यक है।

हारकर भी जीत जाते हैं महेन्द्र, बुजुर्गों की मुस्कान ही असली दांव



आरंग (विश्व परिवार)। दीपावली आते ही जहां लोग जुए की मेज पर किस्मत आजमाते हैं, वहीं चरौदा के शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल ने जुए का मतलब ही बदल दिया है। उनका जुआ न ताश के पत्तों पर खेला जाता है, न रुपयों के दांव पर। उनका दांव है - किसी बेबस चेहरे पर मुस्कान लाना।

पिछले 15-16 सालों से वे हर दीपावली पर गरीब बुजुर्गों और दिव्यांगों के बीच पहुंचते हैं। जेब में 8 से 10 हजार रुपए रखकर, एक-एक व्यक्ति को सौ-सौ रुपए ससम्मान भेंट करते हैं। लोग इसे दान कहते हैं, लेकिन महेन्द्र इसे अपना जुआ कहते हैं। कहते हैं, बुजुर्गों से जो आशीर्वाद मिलता है, वही उनकी सबसे बड़ी जीत है।

खास बात यह है कि वे दीपावली में अपने लिए कुछ भी नहीं लेते। उनका मानना है कि किसी के चेहरे पर खिली मुस्कान ही दीपावली की सच्ची रोशनी है।कई बार ऐसा भी हुआ कि जेब में पैसा नहीं था। तब उन्होंने उधार लेकर भी इस पुनीत काम को रुकने नहीं दिया। वहीं गुरुवार को उन्होंने अपने विद्यालय के सभी बच्चों को भी दस-दस रुपए देकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं।उनका कहना है, आज की भागदौड़ और तनाव भरी जिंदगी में किसी के चेहरे पर मुस्कान लाना बहुत कठिन काम है, लेकिन यही हंसी उन्हें सबसे ज्यादा सुकून देती है। है न अनोखा जुआ!

दूषण नहीं, भूषण बनें; बुरा मत सोचो, अच्छे विचार ही जीवन के वास्तविक आभूषण हैं : निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर महाराज जी



कुण्डलपुर (विश्व परिवार)। सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि चातुर्मास में साधक की बाहरी यात्रा भले ही रुक जाती है, लेकिन उसकी अंतरयात्रा निरंतर जारी रहती है। बाहर की यात्रा में शरीर चलता है, जबकि आध्यात्मिक यात्रा में आत्मा के निकट पहुंचने का पुरुषार्थ किया जाता है। अपने विशुद्ध भावों के माध्यम से आत्मा की ओर बढ़ना ही वास्तविक आध्यात्मिक यात्रा है। राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन 'विद्यावाणी' एवं क्षेत्रीय प्रचार मंत्री जय कुमार जैन 'जलज' ने बताया कि मुनि श्री ने कहा कि शरीर को स्वच्छ रखने के साथ मन को स्वच्छ रखना भी अत्यंत आवश्यक है। शरीर की शुद्धि चरणानुयोग में महत्वपूर्ण है, जबकि परिणामों की शुद्धि करणानुयोग में महत्व रखती है। वास्तविक अंतरयात्रा परिणामों की निर्मलता से ही संभव होती है। मुनि श्री ने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में ऐसे विचारों को स्थान देना चाहिए, जो स्वयं के साथ दूसरों के जीवन को भी सुंदर बनाएं। हमारे विचार ही हमारे व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। यदि मन में बुरे विचार, ईर्ष्या, द्वेष और वैमनस्य के भाव रहेंगे तो हमारा व्यक्तित्व दूषण बन जाएगा, लेकिन यदि मन में प्रेम, करुणा, सद्भावना और मैत्री के भाव होंगे तो वही जीवन का भूषण बनेंगे। इसलिए हमें दूषण नहीं, भूषण बनना है। उन्होंने कहा कि किसी के प्रति बुरा सोचने से सबसे पहले हमारा अपना मन दूषित होता है। दूसरों के प्रति दुर्भावना रखने वाला व्यक्ति स्वयं अशांत रहता है। जिस प्रकार शरीर को सुंदर बनाने के लिए बाहरी आभूषण धारण किए जाते हैं, उसी प्रकार जीवन को सुंदर बनाने के लिए अच्छे विचारों और निर्मल भावों को धारण करना चाहिए। अच्छे विचार ही मनुष्य के वास्तविक आभूषण हैं, जो उसके व्यक्तित्व को गरिमा प्रदान करते हैं। मुनि श्री ने कहा कि जीवन में परिस्थितियां कैसी भी हों, अपने विचारों की पवित्रता बनाए रखना आवश्यक है। व्यक्ति का मूल्यांकन उसके धन, पद और बाहरी सुंदरता से नहीं, बल्कि उसके विचारों, व्यवहार और परिणामों की निर्मलता से होता है। हमें ऐसा कोई विचार नहीं करना चाहिए, जिससे किसी के प्रति कटुता या दुर्भावना उत्पन्न हो। दूसरों के दोष देखने के बजाय अपने दोषों को पहचानकर उन्हें दूर करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चातुर्मास केवल एक स्थान पर ठहरने का नाम नहीं है, बल्कि यह अपने भीतर झांकने, आत्मचिंतन करने और जीवन को संस्कारित बनाने का अवसर है।

जबलपुर के युवा व्यवसायी नितिन जैन जगदलपुर में CA सदस्यों को बताएंगे GST के नए नियम

■ दीपावली मिलन समारोह में विशेष व्याख्यान के लिए आमंत्रित



जबलपुर (विश्व परिवार)। मध्य भारत के अग्रणी सेवा प्रदाता पीसी प्लेनेट के संस्थापक नितिन जैन को इंस्टीट्यूट ऑफचार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) के जगदलपुर CPE चैप्टर द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह में विशेष व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम 12 नवंबर को जगदलपुर के शगुन फार्म्स में आयोजित होगा। इस अवसर पर नितिन जैन GST के नए नियमों, अनुपालन की प्रक्रिया एवं नवीन TallyPrime की उपयोगिता पर CA सदस्यों के साथ परिचर्चा में हिस्सा लेंगे । इस सत्र में TallyPrime के नए फीचर्स एवं ऑटोमेशन के माध्यम से जीएसटी और इनकमटैक्स संबंधी कार्यों को अधिक सरल, तेज एवं प्रभावी कैसे बनाया जा सकता है इसकी विस्तृत जानकारी दी जाएगी। बिजनेस टेक्नोलॉजी एवं IT सॉल्यूशंस के क्षेत्र में 20 वर्षों से अधिक का अनुभव रखने वाले नितिन जैन के नेतृत्व में पीसी प्लेनेट टैली सॉल्यूशंस, क्लाउड सर्विसेज, सॉफ्टवेयर इंटीग्रेशन एवं स्मार्ट क्लास और मीटिंग रूम टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में कार्यरत है।

जगदलपुर CPE चैप्टर के कार्यक्रम संयोजक CA विवेक सोनी एवं सह-संयोजक CA नीरव मोटीवाला ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य CA सदस्यों को त्रस्त्र के बदलते प्रावधानों एवं आधुनिक तकनीकी समाधानों की जानकारी देने के साथ दीपावली के अवसर पर आपसी मेल-मिलाप और संवाद का अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम शाम 3:30 बजे से प्रारंभ होगा तथा समापन रात्रिभोज के साथ होगा।

अयोध्या में प्रथम बार महाचमत्कारिक 5 मण्डलीय श्री कल्पद्रुम महामण्डल विधान



अयोध्या (विश्व परिवार)। अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद एवं माँ ज्ञानमती यात्रा संघ टिकैतनगर के श्री निधेष जैन जी ने अवगत कराया की - अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद के स्वर्ण जयन्ती वर्ष पर युवा परिषद टिकैत नगर द्वारा पांच तीर्थंकरों की जन्मभूमि शाश्वत तीर्थ अयोध्या मे गणिनीप्रमुख आर्यीका श्री ज्ञानमती माताजी की पावन प्रेरणा से प्रथम बार पांचो तीर्थंकरों के समोसरण बनाकर , पांच दिवसीय महाचमत्कारी कल्पद्रुम महामंडल विधान एवं विश्वशांति यज्ञ का भव्य अयोजन दिनांक 28 दिसम्बर 2026 से 1 जनवरी 2027 तक किया जाएगा।

अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद एवं माँ ज्ञानमती यात्रा संघ टिकैतनगर द्वारा अवध प्रान्त के 1008 भक्तों के द्वारा प्रथम बार शाश्वत तीर्थ अयोध्या में - महाचमत्कारिक 5 मण्डलीय श्री कल्पद्रुम महामण्डल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ तिथि-पौष कृष्णा पंचमी से पौष कृष्णा नवमी, दिनाँक 28 दिसम्बर 2026 से 1 जनवरी 2027 तक स्थान- भगवान ऋषभदेव जन्मभूमि, बड़ी मूर्ति, अयोध्या (उ.प्र.) - सान्निध्य एवं मंगल आशीर्वाद- अयोध्या तीर्थ विकास की प्रेरणास्रोत, विश्व की सबसे बड़ी 108 फुट प्रतिमा निर्माण की प्रेरणास्रोत गणिनीप्रमुख आर्यिकाशिरोमणि श्री ज्ञानमती माताजी, मार्गदर्शन- प्रज्ञाश्रमणी आर्यिकारत्न श्री चंदनामती माताजी,निर्देशन- कर्मयोगी पीठाधीश स्वस्तिश्री रवीन्द्रकीर्ति स्वामीजी।

साधर्मी बंधुवर, जैसा कि आप सभी को विदित है कि विगत कई वर्षों से माँ ज्ञानमती यात्रा संघ के द्वारा तीर्थक्षेत्रों की यात्रा कराई जाती है। अत: इस वर्ष भी मी ज्ञानमती यात्रा संघ के द्वारा दिनांक 28 दिसम्बर 2026 से 1 जनवरी 2027 तक विधान का आयोजन किया गया है। इस वर्ष हम अवधवासियों के महान पुण्य योग से शाश्वत तीर्थ अयोध्या में गणिनीप्रमुख आर्यीकाशिरोमणि श्री ज्ञानमती माताजी ससंघ सानिध्य में अवध प्रान्त के 1008 भक्तों के द्वारा महाचमत्कारिक कल्पद्रुम विधान करने का हम सभी को पुण्य अवसर प्राप्त हो रहा है।

मदर टेरेसा वार्ड में विकास कार्यों को मिली नई गति

■ विधायक पुरन्दर मिश्रा ने किया विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन



रायपुर (विश्व परिवार)। उत्तर विधानसभा क्षेत्र के मदर टेरेसा वार्ड क्रमांक-47 में विकास कार्यों को नई गति प्रदान करते हुए विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा ने विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को विकास कार्यों की सौगात देते हुए कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास और नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है।

विधायक श्री मिश्रा ने कहा कि उत्तर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में जनभावनाओं और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। विकास की यह निरंतर प्रक्रिया क्षेत्र की तस्वीर बदलने के साथ नागरिकों के जीवन को और अधिक सुविधाजनक बनाएगी।

कार्यक्रम में रायपुर महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति श्री सूर्यकांत राठौर, एमआईसी सदस्य एवं पार्षद श्री संतोष साहू, जोन अध्यक्ष श्रीमती साधना प्रमोद साहू एवं मंडल अध्यक्ष श्री दलविंदर बेदी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

कलिंगा विश्वविद्यालय में दीपावली मिलन 2026 का भव्य आयोजन

■ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, फैशन शो और उत्साहपूर्ण सहभागिता ने बांधा समां



नया रायपुर (विश्व परिवार)। कलिंगा विश्वविद्यालय में 4 नवंबर 2026 को से दीपावली मिलन 2026 का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास, उत्साह, पारंपरिक उल्लास और आपसी एकता के वातावरण में किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के नेतृत्व, संकाय सदस्यों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन उत्सव, आपसी सौहार्द, सम्मान और सांस्कृतिक जीवंतता का एक सुंदर संगम रहा।

इस समारोह ने विश्वविद्यालय की उस प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया, जिसके अंतर्गत एक सशक्त, समावेशी और सौहार्दपूर्ण संस्थागत वातावरण को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों के अमूल्य योगदान को सम्मानित किया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के अध्यक्ष एवं कुलाधिपति के आगमन पर कुलसचिव द्वारा पौधा भेंट कर आत्मीय स्वागत के साथ हुआ। पौधा भेंट करने की यह परंपरा सम्मान, समृद्धि और पर्यावरण संरक्षण के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता का प्रतीक रही। इसके पश्चात पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस मंगलमय अवसर पर ज्ञान, समृद्धि और सफलता की कामना की गई। समारोह में मधुर गायन, मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों, काव्य पाठ एवं सामूहिक गायन जैसी विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उत्साह और आकर्षण का संचार किया।

दीपावली महोत्सव पर 8 नवंबर को कवर्धा पहुंचेंगे जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज

■ रणवीरपुर से कवर्धा तक होगा भव्य स्वागत

कवर्धा (विश्व परिवार)। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज का छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर छह दिवसीय दीपावली महोत्सव के लिए आगमन हो चुका है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पूज्य शंकराचार्य जी महाराज अपने प्रिय छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान रायपुर, बिलासपुर, सिमगा, बेमेतरा एवं कबीरधाम सहित विभिन्न स्थानों पर भक्तों को दर्शन एवं पूजन का सौभाग्य प्रदान करेंगे।

शंकराचार्य जी महाराज का 5 नवंबर को रायपुर आगमन हुआ, जहां से वे बिलासपुर के लिए रवाना हुए। बिलासपुर के चिचिरदा स्थित ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर शंकराचार्य जी के कृपापात्र शिष्य हरीश शाह के फार्म हाउस 'कुंज कुटीर' में उनका प्रवास निर्धारित है। यहां उनके आगमन पर भव्य स्वागत किया गया तथा धनतेरस पूजन का कार्यक्रम संपन्न होगा।

7 नवंबर को सिमगा स्थित सपाद लक्षेश्वर धाम में दर्शन

7 नवंबर को प्रात: 9 बजे शंकराचार्य जी महाराज बिलासपुर के चिचिरदा से सिमगा स्थित 'सपाद लक्षेश्वर धाम', शंकराचार्य आश्रम ग्राम सलधा के लिए प्रस्थान करेंगे। यहां दंडी स्वामी श्रीमद् ज्योतिर्मयानंद जी द्वारा पादुका पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को पूज्यश्री के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

8 नवंबर को भव्य बाइक रैली के साथ होगा कवर्धा आगमन

8 नवंबर को प्रात: 9 बजे शंकराचार्य जी महाराज सपाद लक्षेश्वर धाम से देवरबीजा, थान खम्हरिया होते हुए



रणवीरपुर पहुंचेंगे। यहां भक्तों द्वारा भव्य बाइक रैली के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात सिल्हाटी, सहसपुर लोहारा एवं ओड़िया होते हुए पूज्यश्री का कवर्धा आगमन होगा।

कवर्धा पहुंचने पर शंकराचार्य जी महाराज के मीडिया प्रभारी अशोक साहू के निज निवास पर पादुका पूजन का आयोजन किया जाएगा। तत्पश्चात 'विशाला धर्म ध्वज चौक' में नवीन धर्म ध्वज स्थापित किया जाएगा।

इसके बाद पूज्यश्री ज्योतिर्मठ के सीईओ चंद्रप्रकाश उपाध्याय के निवास पहुंचेंगे, जहां उपाध्याय परिवार द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया जाएगा। यहां भी श्रद्धालुओं को पूज्यश्री के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त होंगे।

महाकाली जन्मोत्सव एवं रात्रि में भव्य महालक्ष्मी पूजन

8 नवंबर को शाम 6 बजे से लक्ष्मी पूजन प्रारंभ होगा। रात्रि 11:45 बजे पूज्यश्री काली मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां महाकाली जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष पूजन-अर्चन करेंगे। रात्रि 12:15 बजे पुन: शंकरा भवन, शांतिदीप कॉलोनी पहुंचेंगे। यहां पूरी रात्रि महालक्ष्मी पूजन एवं अभिषेक का कार्यक्रम होगा। इस दौरान श्रद्धालु पूजन एवं अभिषेक के दर्शन कर सकेंगे।

9 नवंबर को टाटीकसा में गोवर्धन पूजा में होंगे शामिल

9 नवंबर को प्रात: 9 बजे पूज्यश्री चरडोंगरी स्थित यदुनाथ गौशाला पहुंचकर गौपूजन करेंगे। इसके पश्चात ग्राम टाटीकसा पहुंचकर गोवर्धन पूजा के धार्मिक आयोजन में शामिल होंगे। कार्यक्रम के उपरांत उनका पुन: कवर्धा आगमन होगा तथा शंकरा भवनम्, शांतिदीप कॉलोनी में प्रवास रहेगा।

शंकराचार्य जी के मीडिया प्रभारी अशोक साहू ने बताया कि पूज्यपाद जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली महोत्सव मनाने के लिए छत्तीसगढ़ पधारे हैं। उनके आगमन से क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमियों में विशेष उत्साह और हर्ष का वातावरण है।

यह समस्त भक्तजनों के लिए अत्यंत सौभाग्य का अवसर है कि उन्हें पूज्यश्री के सानिध्य में पूजा-अर्चना करने एवं आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से आग्रह है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पूज्यश्री के दर्शन, पूजन एवं आशीर्वाद का लाभ प्राप्त करें।

विद्यार्थियों का वस्त्र संग्रह अभियान, खुशियां त्यौहार की

रायपुर। आज बांटेंगे मेकाहारा में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी छत्रपति शिवाजी स्कूल की दो शाखाओं के विद्यार्थियों ने बांटे खुशियां त्यौहार की अभियान के तहत पिछले 15 दिनों से पुराने व उपयोगी वस्त्रों को संग्रह करने का अभियान चलाया है। इसके अन्तर्गत करीब पांच सौ लोगों के लिए पुराने वस्त्र एकत्र कर लिए गए हैं। कल 6 नवंबर को दोपहर 12 बजे शिवाजी स्कूल के इन विद्यार्थियों द्वारा मेकाहारा के कैंसर विभाग के बाहर स्टाल लगाकर यहां ज़रूरतमंदों को इन वस्त्रों का वितरण किया जाएगा। इन वस्त्रों में बच्चों, पुरुषों, महिलाओं, लड़कियों सभी के लिए उपयोगी वस्त्र हैं जिन्हें कल वितरित किया जाएगा।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, शुक्रवार 06 नवम्बर 2026

एनटीपीसी छत्तीसगढ़ में खेल इकोसिस्टम को बढ़ावा



कोरबा (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ में कोरबा (2600MW), सीपत (2980MW) और लारा (1600MW) स्थित अपनी चालू परियोजनाओं के माध्यम से 7180MW की स्थापित क्षमता के साथ, एनटीपीसीराज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके अलावा, 4000MW (लारा 3200 MW और सीपत 800 MW) की अतिरिक्त क्षमता का निर्माण कार्य चल रहा है।

बिजली उत्पादन की अपनी मुख्य गतिविधि के अलावा, एनटीपीसी राष्ट्रीय स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से छत्तीसगढ़ में विशेष प्रयास करता है।

छत्तीसगढ़ हॉकी लीग-2026 का प्रायोजन: एनटीपीसीने छत्तीसगढ़ हॉकी लीग-2026 का टाइटल स्पॉन्सर के रूप में जुड़ा।01 नवंबर, 2026 को रायपुर स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले में संस्कारधानी स्ट्राइकर्स को 4-2 से हराकर मैनपाट टाइटन्स ने एनटीपीसी छत्तीसगढ़ हॉकी लीग-2026 का चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्तर और जमीनी स्तर की तीरंदाजी अकादमियों की स्थापना: एनटीपीसी ने अपनी सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से नया रायपुर में राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाजी अकादमी और जशपुर में जमीनी स्तर की तीरंदाजी अकादमी की स्थापना के लिए 85.45 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की। दोनों अकादमियों का निर्माण कार्य पूरी गति से चल रहा है।दोनों आर्चरी एकेडमी के आने से राज्य में आर्चरी को बड़े पैमाने पर बढ़ावा मिलेगा।

छत्तीसगढ़ में फुटबॉल को समर्थन: अपने सीएसआर के तहत, एनटीपीसी वर्ष 2016 से छत्तीसगढ़ राज्य फुटबॉल चैंपियनशिप के आयोजन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है, जिसके अंतर्गत एनटीपीसी कोरबा, सीपत और लारा में सब जूनियर (बालिका एवं बालक), जूनियर (बालिका एवं बालक), अंडर 20 (पुरुष) और सीनियर (पुरुष एवं महिला) चैंपियनशिप आयोजित की जाती हैं।एनटीपीसी से इस प्रकार का सहयोग किरण पिस्दा जैसे अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त फुटबॉल खिलाड़ियों को उभरने में मदद करता है।

छत्तीसगढ़ ओपन गोल्फ चैंपियनशिप-2026 का प्रायोजन: राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए एनटीपीसी ने छत्तीसगढ़ ओपन गोल्फ चैंपियनशिप को प्रायोजित किया।

ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना: अपनी स्थापना के बाद से, एनटीपीसी की परियोजनाएँ ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए ग्रामीण खेल आयोजनों का आयोजन कर रही हैं। इसके अलावा, बैडमिंटन में आकर्षि कश्यप और हर्षित ठाकुर तथा शूटिंग में श्रुति यादव जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को एनटीपीसी कोरबा के समर्थन से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने में मदद मिली और उन्होंने देश का गौरव बढ़ाया।

रायपुर सहित छह जिलों की बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिये 286 करोड़ की नई पारेषण लाइन ऊर्जीकृत

■ प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला द्वारा 400 केवी धरदेही-बिलासपुर पुल पारेषण लाइन का ऊर्जीकरण



रायपुर (विश्व परिवार)। रायपुर सहित छह जिलों की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और बेहतर बनाने की दिशा में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। 286 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 400 केवी डीसीडीएस क्वाड मूस धरदेही-बिलासपुर पूल (पावरग्रिड-पीजीसीआईएल) पारेषण लाइन को आज दोपहर 12:34 बजे सफ्लतापूर्वक ऊर्जीकृत किया गया। लगभग 50.7 किलोमीटर लंबी इस पारेषण लाइन के चालू होने से रायपुर, बिलासपुर, मुंगेली, बेमेतरा, कवर्धा तथा भाटापारा-बलौदाबाजार जिलों की विद्युत पारेषण व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इससे अधिक एमवीए विद्युत शक्ति का पारेषण संभव होगा और वर्तमान एवं भविष्य की विद्युत मांग पूरी करने में सहायता मिलेगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला की उपस्थिति में पारेषण लाइन का ऊर्जीकरण संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (लाइन) श्री संजय पटेल, कार्यपालक निदेशक (सबस्टेशन), बिलासपुर श्रीमती कल्पना घाटे तथा कार्यपालक निदेशक, बिलासपुर क्षेत्र, सीएसपीडीसीएल श्री ए.के. अम्बस्थ सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

इस 400 केवी डीसीडीएस क्वाड मूस पारेषण लाइन के निर्माण के दौरान चार स्थानों पर अन्य विद्युत लाइनों की क्रॉसिंग का कार्य हॉटलाइन पद्धति से सफ्लतापूर्वक किया गया। इसके अतिरिक्त रेलवे क्रॉसिंग का कार्य भी बिना पावर ब्लॉक लिए हॉटलाइन स्ट्रिंगिंग पद्धति से पूरा किया गया। परियोजना निर्माण के दौरान राइट ऑफवे (मार्गाधिकार) से संबंधित कई गंभीर चुनौतियां भी सामने आईं। इन चुनौतियों के बावजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बेहतर समन्वय, तकनीकी दक्षता और टीमवर्क से परियोजना को सफ्लतापूर्वक पूरा कर चालू किया गया। नई पारेषण लाइन से अधिक विद्युत शक्ति का पारेषण संभव होगा। इससे छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी की वर्तमान एवं भविष्य की विद्युत मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।

रायपुर उत्तर विधानसभा से लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान को मिली मजबूती



■ विधायक पुरन्दर मिश्रा के नेतृत्व में उमड़ा जनसैलाब

रायपुर (विश्व परिवार)। उत्तर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान को राजधानी रायपुर में व्यापक जनसमर्थन मिला। उत्तर विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने महारैली में सहभागिता कर लोकतंत्र, राष्ट्रहित और सुशासन के पक्ष में अपनी मजबूत आवाज बुलंद की।

महारैली में विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा जी ने आकाशवाणी स्थित काली मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर पदयात्रा एवं जनअभियान के सफ्ल आयोजन की कामना की। इसके पश्चात वे भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ महारैली का शुभारंभ हुआ। प्रदेशभर से पहुंचे हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ यह विशाल रैली नेताजी सुभाष स्टेडियम से प्रारंभ होकर नगर घड़ी चौक तक निकाली गई। रैली में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री माननीय श्री विष्णुदेव साय जी मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने पूरे मार्ग में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' के नारों के साथ जनजागरण का संदेश दिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी ने कहा कि कांग्रेस की दोगली राजनीति के कारण युवाओं को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से विकास, रोजगार और राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा जी ने कहा- लोकतंत्र भारत की आत्मा है और इसकी मजबूती हम सभी की जिम्मेदारी है। आज अराजकता, भ्रम और समाज को बांटने वाली राजनीति के खिलाफ जनता एकजुट होकर खड़ी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश विकास, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के नए युग की ओर अग्रसर है। उत्तर विधानसभा क्षेत्र का प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्रहित और विकसित भारत के संकल्प के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करता रहेगा।ग

महारैली में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण सिंह देव जी, प्रदेश महामंत्री श्री अखिलेश सोनी जी, श्री नवीन मार्कण्डेय जी, प्रभारी मंत्री केदार कश्यप जी,मंत्री श्री टंक राम वर्मा जी, मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब जी, रायपुर लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल जी, जिलाध्यक्ष भाजपा रायपुर शहर श्री रमेश ठाकुर जी, महापौर श्रीमती मीनल चौबे जी,

जिला प्रभारी राजेश शर्मा जी, विधायक श्री राजेश मूणत जी, श्री सुनील सोनी जी, श्री मोतीलाल साहू जी, श्री अनुज शर्मा जी, श्री सुशांत शुक्ला जी, रायपुर की जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नवीन अग्रवाल जी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

उत्तर विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता ने महारैली को और अधिक भव्य स्वरूप प्रदान किया। विधायक पुरन्दर मिश्रा जी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं का उत्साह और जनभागीदारी यह संदेश देती रही कि उत्तर विधानसभा क्षेत्र लोकतांत्रिक मूल्यों, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ मजबूती से खड़ा है।

राज्य अलंकरण से सम्मानित किसान पुन्नी भट्ट ने कलेक्टर से की मुलाकात, जिले का बढ़ाया मान

■ कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने पुष्पगुच्छ भेंटकर दी बधाई, कहा- उनकी सफलता जिले के किसानों के लिए बनेगी प्रेरणा



कवर्धा (विश्व परिवार)। कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राज्य अलंकरण से सम्मानित कबीरधाम जिले के ग्राम बरबसपुर निवासी प्रगतिशील किसान श्री पुन्नी भट्ट ने गुरुवार को कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर कलेक्टर ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

कलेक्टर प्रजापति ने कहा कि श्री पुन्नी भट्ट ने अपनी मेहनत, लगन और कृषि के प्रति समर्पण से जिले का गौरव बढ़ाया है। उनकी यह उपलब्धि जिले के अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि प्रगतिशील किसानों के नवाचार और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने तथा खेती को लाभकारी बनाने के लिए प्रोत्साहित होंगे।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 3 नवंबर को नवा रायपुर में आयोजित राज्य अलंकरण समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह एवं सफ्लता से दूसरे किसान भी मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने श्री पुन्नी भट्ट को कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। यह सम्मान उनकी वर्षों की मेहनत और कृषि के प्रति समर्पण का प्रतिफ्ल है। उनकी इस उपलब्धि से कबीरधाम जिले का मान प्रदेश स्तर पर बढ़ा है।

स्वास्थ्य विभाग की तत्परता से गंभीर निमोनिया से पीड़ित 5 वर्षीय बैगा बालक की बची जान

■ बीएमओ डॉ. जानकीशरण चन्द्रवंशी ने वनांचल गांव पहुंचकर की जांच, 15 दिनों के उपचार के बाद स्वस्थ होकर घर लौटा बालक



कवर्धा (विश्व परिवार)। स्वास्थ्य विभाग की तत्परता और चिकित्सकों के समर्पित प्रयासों से दूरस्थ वनांचल ग्राम डेंगुरजाम के पारा टेंड़ापानी में गंभीर निमोनिया से पीड़ित 5 वर्षीय बैगा बालक को नया जीवन मिला है। समय पर बीमारी की पहचान और बेहतर उपचार मिलने से बालक अब पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने घर लौट गया है।

पंडरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत अमनिया के आश्रित ग्राम डेंगुरजाम के पारा टेंड़ापानी में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान बालक में गंभीर निमोनिया और सांस लेने में तकलीफ के लक्षण पाए गए। बालक की गंभीर स्थिति को देखते हुए बीएमओ डॉ. जानकीशरण चन्द्रवंशी ने तत्काल पहल करते हुए उसे माता-पिता के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंडरिया पहुंचाया और उपचार के लिए भर्ती कराया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.के. तुर्रे के निर्देशानुसार वनांचल क्षेत्रों में बैगा परिवारों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए घर-घर स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। इसी अभियान के दौरान बालक की बीमारी की पहचान हुई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. कुणाल बिसेन के मार्गदर्शन और बीएमओ डॉ. चन्द्रवंशी की नियमित निगरानी में बालक का 15 दिनों तक गहन उपचार किया गया।

देशबन्धु के वरिष्ठ पत्रकार राजेश गुप्ता को मातृ शोक



रायपुर। श्रीमती उर्मिला गुप्ता पति स्वर्गीय हेमराज गुप्ता उम्र 84 वर्ष का आज सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया। वे वरिष्ठ पत्रकार राजेश गुप्ता और राकेश गुप्ता की माता जी थी। श्रीमती उर्मिला गुप्ता के निधन पर दैनिक विश्व परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की है।

नमस्ते योजनांतर्गत स्वच्छता दीदी एवं सफाई कर्मियो को प्रशिक्षण



राजनांदगांव (विश्व परिवार)। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नमस्ते योजनांतर्गत नगर निगम राजनांदगांव के स्वच्छता दीदीयो तथा सेप्टीक टैक सीवर सफाई कर्मचारियों को कौशल उन्नयन एवं व्यवसायिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा मे प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

महापौर श्री मधुसूदन यादव तथा निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम के मार्ग दर्शन में डोर टू डोर कचरा संग्रहण कर एसएलआरएम सेन्टर में पृथककर उसका उचित निपटान करने वाले 359 स्वच्छता दीदी जिन्होंने पंजीयन कराया था उन्हे तथा 45 सेप्टीक टैंक सीवर सफाई कर्मचारियो को नमस्ते योजनांतर्गत 8 चरणो में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य सुरक्षा उपायो एवं शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओ की जानकारी देना है, ताकि योजना का लाभ उन्हे मिल सके। प्रशिक्षण में आयुष्मान भारत योजनांतर्गत स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना बीमा, स्वरोजगार के लिए पूजीगत सब्सिडी, बैंक ऋण प्राप्त करने संबंधी योजनाओ की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

इसके अलावा पीपी कीट का उपयोग एवं आधुनिक सुरक्षा उपकरणों के संचालन कार्य के दौरान अपनाने वाली सवधानिया भी बतायी जा रही है।

बस्तर में आत्मनिर्भरता की नई उड़ान



■ बकावंड के चार संकुल संगठनों को मिलीं मालवाहक व सवारी गाड़ियां

जगदलपुर (विश्व परिवार)। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बस्तर अंचल की ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली है। बुधवार को विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलंपिक के भव्य मंच से बकावंड विकासखंड के चारों प्रमुख संकुल स्तरीय संगठनों को आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजनांतर्गत मालवाहक एवं सवारी वाहनों की सौगात दी गई। इस अवसर पर आयोजित वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय सांसद श्री महेश कश्यप ने अपने करकमलों से महिला क्लस्टर संगठनों की दीदियों को वाहनों की चाबियां सौंपी और उन्हें नए व्यवसाय के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए सांसद श्री महेश कश्यप ने कहा कि बिहान से जुड़ी दीदियों का दायरा अब केवल घर की चहारदीवारी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वे अब वाहन मालिक बनकर स्वयं परिवहन व्यवसाय का संचालन करने जा रही हैं। उन्होंने इसे ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन और बस्तर के सामाजिक बदलाव की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। इस योजनांतर्गत विकासखंड के बलिदान महिला क्लस्टर संगठन, रोशनी महिला क्लस्टर संगठन, तिरंगा महिला क्लस्टर संगठन और जागृति आजीविका महिला क्लस्टर संगठन को वाहन प्रदान किए गए हैं।

आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना का मुख्य उद्देश्य सुदूर ग्रामीण इलाकों में परिवहन व्यवस्था को मजबूत करना है। इन वाहनों के संचालन से ग्रामीणों को गांव से लेकर हाट-बाजार, ब्लॉक और जिला मुख्यालय तक सुरक्षित, सुलभ और सस्ती यात्रा की सुविधा मिलेगी। साथ ही, महिला समूहों द्वारा तैयार स्थानीय उत्पाद, वनोपज और कृषि सामग्री को आसानी से दूर-दराज के बाजारों तक पहुंचाया जा सकेगा, जिससे न केवल माल ढुलाई आसान होगी बल्कि क्लस्टर संगठनों को नियमित आय भी प्राप्त होगी।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य एवं खेल व युवा कल्याण सभापति श्री बनवासी मौर्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोनबारी भद्रे, जनपद उपाध्यक्ष श्री तरुण पांडे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जनपद सीईओ श्वेता साहू तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

रेल मंडल के 07 स्टेशनों पर डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट शिविर का आयोजन

रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल द्वारा पेंशनभोगियों एवं पारिवारिक पेंशनभोगियों की सुविधा के लिए मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर डिजिटल लाइफ सर्टिफिक्रेट (जीवन प्रमाण पत्र) शिविरों का



आयोजन 02 नवंबर 2026 से शुरू कर दिया गया है यह अभियान 30 नवंबर 2026 तक सुबह 11:00 से लेकर दोपहर 3:00 तक किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत रायपुर रेलवे स्टेशन पर 30 नवंबर 2026, को दुर्ग रेलवे स्टेशन पर 6 एवं 7 नवंबर 2026 तक, बीएमवाई में 11 से 14 नवंबर एवं 25 से 26 नवंबर तक, भिलाई रेलवे स्टेशन में 16 से 18 नवंबर तक, भाटापारा तिल्दा-नेवरा रेलवे स्टेशन में 19 से 21 नवंबर एवं 27 से 28 नवंबर 2026 तक एवं दल्लीराजहरा रेलवे स्टेशन पर 23 और 24 नवंबर 2026 को डिजिटल लाइफ सर्टिफिक्रेट बनाने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस कार्य हेतु कार्मिक विभाग द्वारा कल्याण निरीक्षको को नामित किया गया है। डिजिटल लाइफसर्टिफिक्रेट के माध्यम से पेंशनभोगी अपना जीवन प्रमाण पत्र डिजिटल रूप में जमा कर सकते हैं।

दीपावली एवं छठ पूजा: यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर व्यापक तैयारी

■ रायपुर, दुर्ग एवं भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशनों पर विशेष व्यवस्थाएं, अतिरिक्त आरपीएफ एवं वाणिज्यिक कर्मचारियों की तैनाती तथा सीसीटीवी से होगी सतत निगरानी



रायपुर (विश्व परिवार)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल द्वारा दीपावली एवं छठ पूजा के दौरान ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की संभावित अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए मंडल रेल प्रबंधक श्री दयानंद के दिशा निर्देश पर व्यापक भीड़ प्रबंधन योजना तैयार की गई है। यात्रियों की सुरक्षित एवं सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने तथा स्टेशन परिसरों में भीड़ को नियंत्रित रखने के उद्देश्य से रायपुर, दुर्ग एवं भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशनों पर विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

दीपावली तथा छठ पूजा के अवसर पर 05 से 14 नवम्बर 2026 के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ रहने की संभावना है। इसे ध्यान में रखते हुए मंडल रेल प्रशासन द्वारा सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर विशेष कार्ययोजना लागू की जा रही है।

रायपुर स्टेशन पर विशेष व्यवस्थाएं

रायपुर रेलवे स्टेशन पर लगभग 4200 वर्गफीट क्षेत्र में होल्डिंग एरिया तैयार किया गया है, जिसमें लगभग 400 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था के साथ सीसीटीवी, यात्रियों को किफायती खाना, पेयजल की व्यवस्था एवं प्रकाश की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। बिहार एवं उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाली तीन ट्रेनों 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस,15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस,13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस को प्लेटफार्म नंबर 07 से संचालित करने के लिए नामांकित किया गया है, जिससे प्लेटफार्म पर यात्रियों की भीड़ को व्यवस्थित किया जा सके।

यात्रियों की सुविधा के लिए व्यस्त समय में तीन अतिरिक्त टिकट काउंटर तथा छह अतिरिक्त ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही एम-यूटीएस सुविधा एवं अतिरिक्त वाणिज्यिक पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है।

दुर्ग स्टेशन पर भी विशेष इंतजाम

दुर्ग रेलवे स्टेशन पर मल्टीफंक्शनल कॉम्प्लेक्स का उपयोग होल्डिंग एरिया के रूप में किया जा रहा है। यात्रियों को किफायती खाना, पेयजल की व्यवस्था, सभी प्लेटफार्मों पर ट्रेनों के आवागमन के अनुसार अग्रिम प्लेटफार्म निर्धारण किया गया है। व्यस्त समय में अतिरिक्त टिकट काउंटर एवं अतिरिक्त एटीवीएम की व्यवस्था की गई है। यात्रियों की सहायता एवं भीड़ नियंत्रण के लिए आरपीएफ तथा टिकट जांच कर्मचारियों की शिफ्टवार तैनाती की गई है।

HONDA

इस धनतेरस, खुशियाँ हों
Grand Honda के संग!
धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएँ!

The Honda Joy Fest
इस त्यौहार, घर आये होंडा - घर आये खुशी

कैशबैक	न्यूनतम ROI	लोन	लोन अवधि	
₹10000#तक	@5.99%*	100%*तक	60*महीने	नो हायपोथिकेशन*

सुपर बम्पर कूपन ऑफर
₹25 लाख* तक के बम्पर उपहार
+ ₹10,000* ASSURED GIFT WORTH On Every Purchase

NOW OR NEVER!





नियम एवं शर्तें लागू*

Grand Honda
"Best Deal, Best Service"
9981712999

OUR 3 OUTLETS
PANDRI: Ph: 0771-4033794, Mo: 9981712999, 8889663336
BHANPURI: Ph: 0771-4099977, Mo: 9755230078
SADDU: Mo: 7880175702, 8120000265

EMBASSY

NDS House of Purity
NEW DELHI SWEETS

खुशियों के दीप जलाएँ,
रिश्तों में मिठास बढ़ाएँ!

इस धनतेरस और दीपावली, अपनों को दें
स्वाद और स्नेह से भरा उपहार



Premium Range | Pure Ingredients | Freshly Made | For Every Celebration



NEW DELHI SWEETS - GOLD : Old Vidhan Sabha Road, Saddu, Raipur, Mo.: 96915 39922, 78801 75707
Shankar Nagar, Ph.: 0771 4001020, 92019 58089, 9109119177
Samta Colony, Ph.: 0771 4001030, 9201958087
Shailendra Nagar, Ph.: 0771 4001040, 9201958090
Devendra Nagar, Ph.: 0771 4001060, 9109117798
Telibandha, Mo.: 7880175709
DDU Nagar, Ph.: 77145 78100, 7880175709
NDS CAFÉ : Opp. Congress Bhawan, Shankar Nagar, Raipur, 0771-4004040, 9109117799, 92019 58088

EMBASSY

SHIVRAJ PRAKASHCHAND
BHANSALI
JEWELLERS

Making Charges Starts from
3%
on 22kt Gold Ornaments.

Best rates, Best variety & Unbreakable trust

Kotwali Chowk, Sadar Bazaar 0771-2555502 | Halwai Line 0771-2555503

ATUL

estd. 1945
BHANSALI KALPVRIKSH GROUP

1945 से
विश्वास की
स्वर्णिम विरासत
यहाँ पीढ़ियों का भरोसा ही है
शुद्धता की पहचान

100% Exchange Value on Old Gold



Diamond | Gold | Silver | Antique | Jadau
धनतेरस एवं दीपावली की शुभ खरीदी हेतु आप सादर आमंत्रित है...

Jab ज्वेलर्स
अनोपचंद भंसाली
SINCE 1945
रायपुर मेडिकल के सामने, सदर बाजार, रायपुर
✆8815188151, 0771-2555802, 2555535

VALET PARKING

SAMRIDDHI JEWELLERS
Add Sparkle to your life
समृद्धि ज्वेलर्स
भंसाली हॉइट्स, नाहटा मार्केट के बाजू, सदर बाजार, रायपुर ✆ 0771-2555400, 4033400, 7000171415

संबंधित प्रतिष्ठान
ज्वेलर्स मनोहरमल एंड कं., सदर बाजार | अनूप डायमंड्स, सदर बाजार | मनोहरमल ज्वेलर्स, हलवाई लाईन | श्री भंसाली ज्वेलर्स, भाटागांव

ATUL

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, शुक्रवार 06 नवम्बर 2026

अवैध रेत परिवहन पर संयुक्त कार्रवाई, हाईवा और चार ट्रैक्टर जब्त

कोरिया। कलेक्टर के निर्देश पर जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को खनिज विभाग और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने बैकुंठपुर तहसील क्षेत्र में बिना पारपत्र रेत का परिवहन करते पाए गए एक मिनी हाईवा और चार ट्रैक्टर जब्त किए। खनिज अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में भ्रमण के दौरान पांचों वाहनों में बिना वैध पारपत्र के रेत परिवहन किया जाना पाया गया। जब्त वाहनों को अभिरक्षा में सिटी कोतवाली थाना बैकुंठपुर में रखा गया है। जब्त वाहनों में पंकज पांडे का मिनी हाईवा क्रमांक सीजी 16 सीएच 4388, विश्वनाथ राजवाड़े का फार्म ट्रैक्टर, अशोक जायसवाल का सोनालिका ट्रैक्टर, पंकज जायसवाल का पावर ट्रैक ट्रैक्टर तथा सोमरसाय का सोनालिका ट्रैक्टर शामिल हैं।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर को सम्मानित



■ छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग का सर्वोच्च सम्मान हबीब तनवीर सम्मान डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर को मिला

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्योत्सव में भारत सरकार के केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के करकमलों से छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग का सर्वोच्च सम्मान नाटक एवं रंगमंच के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर को रंगमंचों में सदैव सक्रिय रहने, अभिनय, निर्देशन एवं प्रयोगकर्मी आयोजनों के लिए अभिनय कर कलात्मक प्रस्तुतियों के लिए हबीब तनवीर सम्मान से सदर विभूषित किया गया।

छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक कलाओं, लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को रंगमंच पर विगत 48 वर्षों से सजीव रूप में प्रस्तुत करने वाले डॉ. पुरुषोत्तम चन्द्राकर प्रदेश के एक प्रतिष्ठित लोक कलाकार, रंगकर्मी, नाटककार, निर्देशक एवं लोक संस्कृति के संवाहक हैं।

आपका जन्म 25 जून 1971 को रायपुर जिले के आरंग विकासखंड के छोटे से ग्राम बोड़रा में एक साधारण किसान परिवार में हुआ। आपकी माता श्रीमती कमला देवी एवं पिता श्री शत्रुहन लाल चन्द्राकर हैं। आपके पिता प्रसिद्ध लोक कलाकार, रामायण के टीकाकार, तबला वादक तथा अभिनय के सिद्धहस्त कलाकार हैं। पिता से प्राप्त कला-संस्कारों ने बचपन से ही आपके भीतर लोक कला, संगीत और रंगमंच के प्रति गहरी रुचि एवं समर्पण का भाव विकसित किया।



करम परब हमारी समृद्ध जनजातीय संस्कृति, गौरवशाली परंपराओं का जीवंत प्रतीक : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

■ आधुनिक शिक्षा और विकास के साथ अपनी सांस्कृतिक जड़ों एवं परंपराओं से जुड़ी रहे युवा पीढ़ी : मुख्यमंत्री



रायपुर (विश्व परिवार)। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज जशपुर जिले के फरसाबहार विकासखंड अंतर्गत ग्राम बनगांव में आयोजित आंचलिक करम पूजा महोत्सव 2026 के समापन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने करम राजा की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलमय जीवन की कामना की। उन्होंने भगवान महादेव एवं माता पार्वती, छत्तीसगढ़ महतारी, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडाङ्के छायाचित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया।

पारंपरिक उत्साह, उल्लास और श्रद्धा के साथ आयोजित इस महोत्सव में जनजातीय संस्कृति की मनमोहक छटा देखने को मिली। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नर्तक दलों सहित उरांव समाज के 6 हजार से अधिक लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में करम राजा के चारों ओर मांदर और ढोल-नगाड़ों की थाप पर सामूहिक नृत्य किया। मुख्यमंत्री श्री साय भी नर्तक दलों के साथ कदम मिलाकर पारंपरिक नृत्य में शामिल हुए। उन्होंने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और सभी को करम परब की शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर क्षेत्रवासियों को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देते हुए ग्राम बनगांव में सामाजिक भवन निर्माण के लिए 50 लाख रुपये तथा सीसी रोड निर्माण के लिए 20 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने बनगांव में अखड़ा निर्माण और सहसपुर में मिनी स्टेडियम निर्माण की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि करम परब हमारी समृद्ध जनजातीय संस्कृति, गौरवशाली परंपराओं और पूर्वजों की अमूल्य धरोहर है। यह पर्व प्रकृति के प्रति हमारी गहरी आस्था, प्रेम और सम्मान की भावना को अभिव्यक्त करता है। हमारे पूर्वजों ने प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर जीवन जीने की जो परंपरा विकसित की, वह आज भी संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणादायी है। करम परब हमें प्रकृति के संरक्षण, सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और सामूहिक जीवन के मूल्यों से जोड़ता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की वास्तविक पहचान यहां की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, लोकपर्वों, लोककलाओं और प्रकृति के साथ गहरे जुड़ाव में निहित है। जनजातीय समाज ने अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक परंपराओं को पीढ़ी-दर-पीढ़ी सहेजकर रखा है।

रायपुर विकास प्राधिकरण का बड़ा कदमः रायपुर में संपत्तियों का हाई-टेक ड्रोन सर्वे और डिजिटलीकरण शुरू

रायपुर (विश्व परिवार)। रायपुर विकास प्राधिकरण ने आवासीय एवं व्यावसायिक योजनाओं की संपत्तियों और सार्वजनिक अधोसंरचनाओं के आधुनिक, पारदर्शी और प्रभावी प्रबंधन की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की है। इसके तहत अब रायपुर में संपत्तियों का हाई-टेक ड्रोन सर्वे और जीआईएस आधारित एसेट



मैपिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है।इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य दशकों पुराने कागजी रिकॉर्ड को डिजिटल रूप में सुरक्षित करना और आधुनिक तकनीक के जरिए संपत्ति प्रबंधन को पूरी तरह पारदर्शी बनाना है।

परियोजना की मुख्य विशेषताएं

1/ यूनिक प्रॉपर्टी आइडेंटिफिक्केशन नंबर : RDA की प्रत्येक संपत्ति और भूखंड को एक विशिष्ट पहचान संख्या (UPIN) दी जाएगी, जो डिजिटल रिकॉर्ड और नक्शे मैप से जुड़ी होगी। इससे भविष्य में संपत्तियों की जानकारी सुरक्षित रखने और ऑनलाइन नागरिक सेवाएं देने में आसानी होगी।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354